वर्ष 24, अंक 237, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 7 मार्च 2026 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट






# ईरान ने समंदर में अमेरिका के तेल टैंकर पर दागीं मिसाइलें

## कुवैत में यूएस एयरबेस को किया तबाह, ईरानी सेना का दावा



**ईरान**

**मिडिल** ईस्ट में ईरान के साथ शुरू हुई जंग आज सातवें दिन में पहुंच गई है. ये सब 28 फरवरी 2026 को अमेरिका और इजरायल की जॉइंट स्ट्राइक्स से शुरू हुआ था, जब ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई की मौत हो गई. तब से अब तक हालात बहुत तेजी से बिगड़े हैं. ईरान ने जवाबी हमले शुरू किए, गल्फ देशों में अमेरिकी बेस और दूतावासों पर ड्रोन और मिसाइल दागे. इजरायल ने लेबनान में हिजबुल्लाह के ठिकानों पर अटैक बढ़ाए. ईरान में मौतों का आंकड़ा अब 1,250 से ऊपर पहुंच गया है और दुनिया भर में तेल की कीमतें 150 डॉलर प्रति बैरल से ज्यादा हो गई हैं.

ऑपरेशन एपिक फ्यूरी ने मचाई ईरान में तबाही

सब कुछ अचानक शुरू हुआ. अमेरिका और इजरायल ने 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' लॉन्च किया. इजरायली ऋ35 और अमेरिकी इ-2 बॉम्बर्स ने ईरान के न्यूक्लियर साइट्स, बैलिस्टिक मिसाइल बेस और लीडरशिप टारगेट्स पर हमले किए. तेहरान में खामेनेई का घर हिट हुआ और ईरानी मीडिया ने उनकी मौत की पुष्टि की. पहले दिन ईरान में करीब 200 लोग मारे गए, जिसमें ज्यादातर मिलिट्री पर्सनल शामिल थे. अमेरिका ने कहा कि ये ईरान के न्यूक्लियर और मिसाइल प्रोग्राम को रोकने के लिए था. इजरायल के ढट बेंजामिन नेतन्याहू ने बाद में फॉक्स न्यूज को बताया कि अगर अब नहीं रोकते, तो ईरान के प्रोग्राम कुछ महीनों में हमलों से 'इम्यून' हो जाते यानी अंडरग्राउंड बंकर इतने मजबूत कि कोई हमला काम नहीं कर सकता था. इजरायल ने ऋढ्ढव-28 बंकर बस्टर बॉम्ब इस्तेमाल किए, अमेरिका ने टॉमहॉक क्रूज मिसाइलें दागीं. कुल 500 से ज्यादा टारगेट हिट हुए. ईरान ने पहले दिन कोई बड़ा जवाब नहीं दिया, लेकिन रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने चेतावनी दी.

होर्मुज स्ट्रेट बंद और मिसाइल-ड्रोन्स के हमले

ईरान ने बदला लेना शुरू किया. क्क्ष्ठ ने कतर, कुवैत, बहरीन में अमेरिकी बेस पर बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं. दुबई और अबू धाबी (वअए) में ड्रोन अटैक हुए. सऊदी अरब और ओमान पर भी हमले हुए. ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट बंद करने का ऐलान किया, जहां से दुनिया का 20% तेल गुजरता है. ब्रिगेडियर जनरल सरदार इब्राहिम जबारी ने कहा कि कोई जहाज गुजरा तो जला देंगे. इस दिन ईरान में अमेरिकी स्ट्राइक्स से 150 मौतें हुईं, गल्फ देशों में 50 से ज्यादा. अमेरिकी सैनिकों में 2 मौतें. ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट किया कि डेमोक्रेट्स सिर्फ विरोध कर रहे हैं क्योंकि वो शामिल हैं. इजरायल ने तेहरान में क्क्ष्ठ के कम्युनिकेशन सेंटर को तबाह किया, जहां से प्रोपगैंडा चलता था. ईरान ने फतेह-110 बैलिस्टिक मिसाइलें और शाहेद-136 ड्रोन्स इस्तेमाल किए. कतर ने 65 में से 63 मिसाइल इंटरसेप्ट कीं.

इजरायल ने हिजबुल्लाह के ठिकानों को निशाना बनाया

अमेरिका ने ऐलान किया कि अगले 24 घंटों में ईरान की मिसाइल प्रोडक्शन, ड्रोन्स और नेवी पर बड़े हमले होंगे. ट्रंप ने उठठ को कहा कि 'बिग वन' जल्द आएगा और अभी 'हार्ड हिट' भी नहीं किया. इजरायल ने बेरूत में हिजबुल्लाह के अल-मनार टीवी हेडक्वार्टर पर बॉम्ब गिराया, जो अब दूसरे जगह से ब्रॉडकास्ट कर रहा है. लेबनान में दक्षिणी इलाकों और बेका वैली में स्ट्राइक्स से 52 मौतें, 154 घायल. इजरायल ने ढक्ख के लेबनान कमांडर अबू हमजा रमी और हिजबुल्लाह के इंटेल हेड हुसैन मकलेह को मारने का दावा किया.

ईरान ने रियाद में अमेरिकी दूतावास पर दो ड्रोन्स से हमला किया, आग लगी लेकिन कोई मौत नहीं. कुवैत और दुबई में भी अटैक हुए. अमेरिका ने 14 देशों (बहरीन, कुवैत, मिस्र आदि) से अपने नागरिकों को तुरंत निकलने की सलाह दी।

## 'भारत को इस युद्ध की कीमत चुकानी पड़ेगी'

**नई दिल्ली**

**मिडिल** ईस्ट में छिड़ी जंग पर कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की प्रतिक्रिया सामने आई है. उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि ईरान-अमेरिका और इजरायल के बीच छिड़ी जंग की कीमत भारत को भी चुकानी पड़ेगी. कांग्रेस नेता ने कहा कि इस जंग की वजह से भारत में ईंधन महंगा हो जाएगा और आर्थिक विकास धीमा हो जाएगा.

राहुल गांधी ने कहा, सीधे तौर पर यह युद्ध अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच नजर आ रहा है लेकिन हकीकत में यह अमेरिका, चीन और रूस के बीच में एक



व्यापारिक रणनीतिक प्रतिस्पर्धा को दिखाता है. राहुल ने कहा, अमेरिका वैश्विक शक्ति के रूप में अपनी प्रमुख स्थिति को बनाए रखने का प्रयास कर रहा है, जबकि चीन लगातार आगे बढ़ रहा है और अंतर को कम कर रहा है. राहुल गांधी ने कहा, मिडिल ईस्ट एनर्जी प्रोडक्शन में दुनिया का बड़ा केंद्र है, अब इस आपूर्ति पर प्रेशर बढ़ाया जा रहा है. उन्होंने कहा, होर्मुज ऑफ स्ट्रेट दुनिया की तेल आपूर्ति के लिए महत्वपूर्ण रूट है. तनाव बढ़ने की वजह से इसके परिणाम इस क्षेत्र से कहीं ज्यादा दूर तक महसूस किए जाएंगे.

'भारत को चुकानी होगी कीमत'

राहुल गांधी ने कहा, 'जब ये शक्तियां आपस में लड़ रही हैं तो अन्य देशों को भी इसकी कीमत चुकानी होगी.

खास तौर से भारत पर इसका सबसे ज्यादा प्रभाव पड़ेगा, जो मध्य पूर्व से ऊर्जा आयात पर अपनी भारी निर्भरता रखता है।

## वैश्विक अनिश्चितता के बीच राजनाथ सिंह का 'आत्मनिर्भर' मंत्र

**कोलकाता**

**रक्षा** मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के कोलकाता में गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) लिमिटेड और एक निजी मीडिया संगठन द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित रक्षा और समुद्री संवाद 'सागर संकल्प - भारत की समुद्री शान की वापसी' का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि अनिश्चितता के इस वर्तमान युग में प्रासंगिक और तैयार रहने का एकमात्र रास्ता आत्मनिर्भरता है।

रक्षा मंत्रालय के अनुसार, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वर्तमान वैश्विक स्थिति के कारण आपूर्ति श्रृंखलाओं का पुनर्गठन, नए समीकरणों का निर्माण और समुद्री गतिविधियों में निरंतर वृद्धि हुई है, जो हर क्षेत्र



में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के सरकार के संकल्प की पुष्टि करता है। रक्षा मंत्री ने कहा कि पुराने विचार, पुरानी वैश्विक व्यवस्था और पुरानी धारणाएं तेजी से बदल रही हैं। ये वे अनिश्चितताएं हैं जिन्हें हमें समझना होगा। मध्य पूर्व की वर्तमान स्थिति इसका एक प्रमुख उदाहरण है। वहां जो हो रहा है वह काफी असामान्य है। मध्य पूर्व या हमारे पड़ोस में भविष्य में होने वाली घटनाओं के बारे में ठोस टिप्पणी करना मुश्किल है।

उन्होंने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य या पूरा फारस की खाड़ी क्षेत्र वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। जब इस क्षेत्र में अशांति होती है, तो इसका सीधा असर तेल और गैस की आपूर्ति पर पड़ता है। इसके अलावा, हम अन्य क्षेत्रों में भी आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान देख रहे हैं। इन अनिश्चितताओं का अर्थव्यवस्था और वैश्विक व्यापार पर सीधा प्रभाव पड़ता है। वैश्विक परिदृश्य एक असामान्य स्थिति है। इससे भी अधिक चिंताजनक बात यह है कि यह असामान्य स्थिति अब सामान्य मानी जाने लगी है।

## संसद में 'महामुकाबले' की तैयारी?



**नई दिल्ली**

सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और विपक्षी कांग्रेस दोनों ने शुक्रवार को अपने लोकसभा सांसदों को बजट सत्र के दूसरे चरण के दौरान 9 से 11 मार्च तक सदन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए 'तीन-पंक्ति का व्हिप' जारी किया। बजट सत्र का दूसरा चरण 9 मार्च से शुरू होकर 2 अप्रैल तक चलेगा, जिसमें मुख्य रूप से आवश्यक विधायी और अन्य कार्यवाहियों पर चर्चा होने की उम्मीद है। बजट सत्र का पहला चरण 13 फरवरी को समाप्त हुआ, जिसमें भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते और पूर्व सेना प्रमुख एमएम नरवणे के संस्मरण पर राजनीतिक बहसें हुईं, जिनके प्रकाशन की स्थिति संसद के बाहर भी विवाद का विषय बनी रही।

संसद का बजट सत्र, जो 28 जनवरी को राष्ट्रपति के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करने के साथ शुरू हुआ, 65 दिनों में 30 बैठकों का है और 2 अप्रैल को समाप्त होने वाला है। अवकाश के दौरान स्थायी समितियां विभिन्न मंत्रालयों और विभागों के अनुदान अनुरोधों की जांच करेंगी। सत्र का पहला भाग मुख्य रूप से 2026-27 के बजट और राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के लिए समर्पित था।

इंडिया ब्लॉक ने सत्र के प्रारंभ तक एमजीएनआरईजीए को विकसित भारत गारंटी रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जी राम जी) अधिनियम से बदलने और मतदाता सूची के विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) पर चर्चा की। संसद के दोनों सदनों को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के संबोधन के दौरान, विपक्षी दलों ने एमजीएनआरईजीए को समाप्त करने के विरोध में "गरिमापूर्ण" तरीके से अपना विरोध जारी रखा। 1 फरवरी को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में केंद्रीय बजट 2026-27 प्रस्तुत किया। यह उनका लगातार नौवां बजट था।

## विधायक की मांग, 'निशांत कुमार को बनाया जाए मुख्यमंत्री'

**बिहार**

**बिहार** में BJP का मुख्यमंत्री बनने की बात हो रही है. इसी बीच जेडीयू ने उट पद पर दावा ठोक दिया. जेडीयू विधायक ने मांग की है कि हमारे कोटे से मुख्यमंत्री हो और निशांत को मुख्यमंत्री बनाया जाए. पटना में सीएम नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई जेडीयू नेताओं की बैठक के बाद बेनीपुर से पार्टी के विधायक विनय चौधरी ने बड़ा बयान दे दिया. उन्होंने एबीपी न्यूज से बातचीत में कहा कि हम लोग चाहते हैं कि बिहार में जेडीयू का मुख्यमंत्री बने और निशांत कुमार को मुख्यमंत्री बनाया जाए.



'सीएम पद पर नीतीश कुमार को लेना है अंतिम फैसला'

विनय चौधरी ने कहा, "नीतीश के राज्यसभा जाने के फैसले से हम लोग सहमत नहीं हैं. फैसला मंजूर नहीं. कई विधायकों में नाराजगी है. नीतीश कुमार के चेहरे पर ठऊअ को प्रचंड जनादेश मिला. नीतीश को पांच साल बिहार में मुख्यमंत्री रहना चाहिए. अपनी भावनाओं से हम लोगों ने उन्हें अवगत कराया. बैठक में तो उन्होंने कहा चिंता मत करिए. मैं सब देखता रहूंगा. हम लोगों ने बैठक में कहा कि निशांत को राजनीति में ले आइये तो नीतीश कुमार ने इस पर कुछ नहीं कहा. संजय झा ने कहा की निशांत कल जेडीयू में शामिल होंगे. हम लोग चाहते है कि जेडीयू कोटे से मुख्यमंत्री हो और निशांत मुख्यमंत्री बनें. नीतीश कुमार को अंतिम निर्णय लेना है."

नीतीश कुमार की बैठक, विधायकों से कहा, 'मैं राज्यसभा जा रहा हूं।

## चारधाम यात्रा 19 अप्रैल से होगी शुरू, पहले दिन 1.24 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने कराया रजिस्ट्रेशन

**उत्तराखंड**

**उत्तराखंड** की बहुप्रतीक्षित चारधाम यात्रा इस वर्ष 19 अप्रैल 2026 को अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर शुरू होगी. यात्रा को लेकर राज्य सरकार ने तैयारियां तेज कर दी हैं और 6 मार्च से श्रद्धालुओं के लिए पंजीकरण प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है. पहले ही दिन शाम 5 बजे तक 1,24,089 यात्रियों ने चारधाम यात्रा के लिए अपना पंजीकरण करा लिया, जिससे इस वर्ष भी रिकॉर्ड संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना जताई जा रही है. प्रदेश के पर्यटन, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने जानकारी देते हुए बताया कि चारधाम यात्रा हिंदू धर्म में विशेष आध्यात्मिक महत्व रखती है. हर वर्ष लाखों श्रद्धालु गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम की यात्रा कर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करते हैं. उन्होंने बताया कि सुरक्षित और सुगम यात्रा प्रबंधन के कारण वर्ष 2025 में 56 लाख 31 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने चारधाम के दर्शन किए थे. इसी अनुभव को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष भी यात्रा को व्यवस्थित और सुरक्षित बनाने के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं।

## बंपर जीत की ओर बालेन शाह, नेपाल में अबकी बार Gen-Z सरकार

**नेपाल**

**नेपाल** में 2026 के प्रतिनिधि सभा चुनावों के लिए मतगणना 5 मार्च को शाम 5 बजे मतदान समाप्त होने के बाद शुरू हुई। यह पिछले साल केपी शर्मा ओली के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार को सत्ता से हटाने वाले हिंसक जनरेशन जेड के विरोध प्रदर्शनों के बाद देश के पहले आम चुनावों में एक महत्वपूर्ण मोड़ है। प्रारंभिक परिणामों से पता चलता है कि राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) 70 सीटों पर बढ़त बनाए हुए है, जबकि पारंपरिक रूप से मजबूत दल नेपाली कांग्रेस और सीपीएन-यूएमएल केवल छह-छह सीटों के साथ पिछड़ रहे हैं। यह नेपाल के अस्थिर राजनीतिक परिदृश्य में एक संभावित बड़े बदलाव का संकेत है। चुनाव आयोग को शुक्रवार रात (6 मार्च) तक पूरी मतगणना पूरी होने की उम्मीद है। पिछले साल की अशांति के बाद संस्थानों में जनता का विश्वास कम होने के बाद पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए मतदान केंद्रों पर मतगणना जारी है और कड़ी निगरानी रखी जा रही है। मतदान प्रतिशत प्रभावशाली 60 प्रतिशत तक पहुंच गया, जिसमें युवाओं की अभूतपूर्व भागीदारी का अहम योगदान रहा। अधिकारियों का मानना ??है कि सुचारू रूप से चलने वाले प्रारंभिक चरण का श्रेय उन्नत मतदाता शिक्षा अभियानों, अंतर-दलीय सहयोग और कड़ी सुरक्षा तैनाती को जाता है, जिसने विरोध प्रदर्शनों से उत्पन्न तनाव के बावजूद व्यवधानों को रोका।

नेपाली कांग्रेस उपाध्यक्ष ने हार स्वीकार की

नेपाली कांग्रेस के उपाध्यक्ष विश्व प्रकाश शर्मा ने कहा है कि उनकी पार्टी ने आम चुनाव में हार स्वीकार कर ली है। नवीनतम जानकारी के अनुसार, पार्टी 11 सीटों पर आगे चल रही है और उसने एक सीट जीती



है।

नेपाल चुनावों पर भारत की पैनी नजर

जेनरेशन जेड के विरोध प्रदर्शनों के बाद हिमालयी देश नेपाल में हो रहे चुनावों पर भारत की पैनी नजर है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को दिल्ली में कहा कि हम नेपाल की नई सरकार के साथ मिलकर दोनों देशों और वहां की जनता के बीच मजबूत बहुआयामी संबंधों को और मजबूत बनाने के लिए तत्पर हैं, ताकि पारस्परिक लाभ हो सके।

चुनाव आयोग के अनुसार, जिन 94 निर्वाचन क्षेत्रों में मतगणना चल रही थी, उनमें से 70 में आरएसपी आगे चल रही है, जबकि नेपाली कांग्रेस, सीपीएन-यूएमएल और नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी प्रत्येक छह निर्वाचन क्षेत्रों में आगे चल रही हैं। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) का 'नेपाल फर्स्ट' घोषणापत्र, जिसे कानूनी रूप से बाध्यकारी 'बचा पत्र' या नागरिक अनुबंध के रूप में प्रस्तुत किया गया है, नेपाल को आक्रामक 30 अरब डॉलर के आईटी निर्यात लक्ष्यों, जलविद्युत कूटनीति और 1990 से सार्वजनिक संपत्तियों की जांच के माध्यम से मध्यम आय वाले देश के रूप में स्थापित करने की परिकल्पना करता है, और इस प्रक्रिया में वंशवादी राजनीतिक गुटों को ध्वस्त करने का प्रयास करता है।

# दिनदहाड़े 19 वर्षीय किशोरी का अपहरण, परिजनों ने प्रयागराज-मिर्जापुर हाईवे किया जाम

**अखंड भारत संदेश**

**मांडा।** थाना क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार सुबह 19वर्षीय किशोरी का दिनदहाड़े अपहरण कर लिया गया। घटना प्रयागराज-मिर्जापुर हाईवे पर मिश्रा मार्केट के पास हुई, जहां स्कार्पियो सवार बदमाशों ने किशोरी को अगवा कर लिया।

जानकारी के अनुसार, गांव की 19 वर्षीय लड़की अपनी 12 वर्षीय छोटी बहन के साथ शुक्रवार सुबह उंचडीह बाजार गई थी। सुबह करीब 11 बजे दोनों बहनें पैदल घर लौट रही थीं। जैसे ही वे मेजा के मिश्रा बाजार पहुंचीं, तभी स्कार्पियो सवार बदमाशों ने किशोरी को जबरन गाड़ी में बैठाकर फरार हो गए। घटना से इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस की कथित लापरवाही से नाराज परिजनों और ग्रामीणों ने गांव के सामने प्रयागराज-मिजार्पुर हाईवे-35 पर ईंट-पत्थर रखकर चक्काजाम कर दिया। इस दौरान सड़क पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और लोगों ने पुलिस मुर्दाबाद के नारे भी लगाए।

सूचना मिलने पर एसीपी मेजा सन्त प्रसाद उपाध्याय, मेजा थाना प्रभारी दीनदयाल सिंह और मांडा थाना प्रभारी अनिल कुमार वर्मा भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों के समझाने और जल्द कार्रवाई के आश्वासन के बाद परिजनों ने चक्काजाम समाप्त कर दिया।



मेजा थाना क्षेत्र के एक गांव की एक युवती का शुक्रवार को दिनदहाड़े अपहरण कर लिया गया। जब तक लोग समझ पाते काले रंग की स्कार्पियो सवार लोगों ने 19 वर्षीय युवती को अंदर घसीट लिया और भाग निकले। दिनदहाड़े हुई इस वारदात के बाद आक्रोशित लोगों ने प्रयागराज-मीरजापुर हाईवे पर बवाल किया। पुलिस अधिकारियों के समझाने पर माने लेकिन कुछ देर बाद फिर रास्ताजाम कर दिया। मेजा के विधायक संदीप पटेल वहां पहुंचे और ग्रामीणों को समझाया।



### एसीपी मेजा के समझाने पर माने आक्रोशित लोग

युवती का अपहरण और ग्रामीणों के बवाल की सूचना पर एसीपी मेजा पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने आक्रोशित लोगों को आश्वस्त किया कि अपहृत किशोरी को किसी भी तरह बरामद किया जाएगा, तब जाकर उनका आक्रोश शांत हुआ। हालांकि कुछ देर बाद फिर भड़क गए और दोबारा जाम लगा दिया। इसके बाद मेजा के विधायक दीपक पटेल पहुंचे और लोगो को समझाया-बुझाया।

बताया जाता है कि युवती शुक्रवार दोपहर लगभग साढ़े 12 अपनी बहन के साथ गांव के बाहर बाजार में खरीदारी करने गई थी। इसी दौरान स्कार्पियो सवार लोगों ने उसका अपहरण कर लिया। घटना की सूचना मिलते ही उसके पिता, परिवार के लोग घटनास्थल पर पहुंचे। कुछ ही देर में सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों की भीड़ वहां जुट गई। आक्रोशित लोगों ने पथराव शुरू कर दिया।

### सीसीटीवी फुटेज से अपहर्ताओं तक पहुंचने का प्रयास

फिलहाल अभी तक पुलिस को यह नहीं पता चल सका है कि आखिर इस सनसनीखेज वारदात को किसने अंजाम दिया है। पुलिस आसपास के बाजार में लगे सीसीटीवी फुटेज की मदद और घटनास्थल पर मौजूद लोगों से पूछताछ कर अपहरणकताओं के बारे में पता करने का प्रयास कर रही है।

मेजा थाना क्षेत्र के आंधी गांव से एक युवती का दिनदहाड़े अपहरण हो गया। युवती अपनी बहन के साथ बाजार गई थी तभी स्कार्पियो सवारों ने उसे अगवा कर लिया। इस घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने प्रयागराज-मीरजापुर हाईवे पर जाम लगा दिया और पथराव किया। एसीपी मेजा के आश्वासन पर ग्रामीणों ने जाम हटाया।

## न्यूज झरोखा

### नैनी में हृदय मिलन समारोह में गीतों पर झूम उठे श्रोता



**नैनी।** नैनी अवन्तिका विकास समिति के तत्वावधान में आयोजित हृदय मिलन समारोह, कवि सम्मेलन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व आईजी सी पी सिंह तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जाने माने चिकित्सक डॉ ए के राय उपस्थित रहे। इस अवसर पर पर्यावरणविद् देवेन्द्र तिवारी, गुरु प्रकाश राव, नर सिंह, पार्षद अनूप कुमार, जितेंद्र सिंह, नयन कुशवाहा, राकेश श्रीवास्तव, आस्था पाण्डेय, पवनेश उपाध्याय, डॉ राजकुमार श्रीवास्तव, सुधाकर दुबे, एस पी सिंह, वी बी सिंह, शिव शंकर पाण्डेय, ओम प्रकाश मिश्र की विशेष उपस्थिति रही। कवि सम्मेलन में डॉ राजेन्द्र प्रसाद शुक्ल, वीरेंद्र सिंह कुसुमाकर, रामनाथ त्रिपाठी, वेदानन्द वेद, कवित्री राधा शुक्ला की सहभागिता प्रशंसनीय रही वहीं गंगा प्रसाद ठाकुर के संयोजकत्व में अशोक प्रताप सिंह, गंगा सागर मौर्य, सुषमा विश्वकर्मा, मंजू भल्ला, शिया दुलारी, मालती, सुषमा सिंह आदि द्वारा प्रस्तुत फाग व होली गीत पर श्रोता झूम उठे। इस अवसर पर लोगों ने सहृदय मिलकर फूल की होली व पौष्टिक ठंडी का आनन्द लिया साथ ही हृदय मिलन समारोह को सार्थक किया।आयोजन में अवन्तिका विकास समिति के अखिलेश सिंह, अनिल द्विवेदी, धीरेन्द्र चौधरी, अशोक श्रीवास्तव, रणबीर सिंह, गोविन्द चौहान, सुनील साहनी, सुनील सिंह, चन्द्र प्रकाश पाण्डेय आदि की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता गंगा प्रसाद ठाकुर तथा संचालन समिति के संयोजक गजेन्द्र प्रताप सिंह व सह संयोजक जगदम्बा प्रसाद शुक्ल ने किया।अन्त में मुख्य अतिथि ने पावन पर्व की शुभकामनाएं देते हुए सभी का धन्यवाद किया।

### होली हर्षोल्लास के साथ शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न



**जंघई।** रंगों का त्योहार होली हर्षोल्लास के साथ शांतिपूर्ण महौल में संपन्न हुआ इस अवसर पर चनेथू मनोरथपुर गांव में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। होली मिलन समारोह में भाईचारा का संदेश देते हुए एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली मिलन समारोह मनाया गया। इस अवसर पर समाजसेवी बाबा तिवारी ने कहा कि होली रंगों का तथा हंसी-खुशी का त्योहार है यह भारत का एक प्रमुख और प्रसिद्ध त्योहार है, जो आज विश्वभर में मनाया जाने लगा है उन्होंने कहा कि जिस तरह रंग विभिन्न प्रकार का होता है उसी प्रकार समाज में भी विभिन्न जाति और धर्म के लोग रहते है, रंग खुशियां बांटती है और हमें भी समाज में मिलजुलकर खुशियां बांटते रहना चाहिए। इस अवसर पर दीप मिश्र, विकास दुबे, अखिलेश दुबे, आकाश दुबे, आयुष दुबे, स्वामी राघवेंद्र दास महाराज, प्रियांशु दुबे, अमित मिश्रा, आयुष तिवारी, शुभ मिश्रा, शांतनु मौर्य, आदर्श तिवारी, संस्कार तिवारी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# कंपोजिट विद्यालय रसूलपुर बारों के चार विद्यार्थियों ने पाई प्रतियोगी परीक्षा में सफलता, विद्यालय का बढ़ाया गौरव

**अखंड भारत संदेश**

**सहसों।** विकास खंड सहसों के कंपोजिट विद्यालय रसूलपुर बारों के चार मेधावी विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति प्रतियोगी परीक्षा में सफलता प्राप्त कर विद्यालय तथा अपने परिवार का नाम रोशन किया है। सफल विद्यार्थियों में कुमारी अलका, अर्जुन कुमार बिंद, अमित कुमार तथा कुमारी सिद्धि कुशवाहा शामिल हैं। बताया जाता है कि यह परीक्षा परिषदीय विद्यालय के कक्षा आठ में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए आयोजित की जाती है, जिसमें मुख्य रूप से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्र-छात्राएं भाग लेते हैं। परीक्षा में सफल होने वाले विद्यार्थियों को भारत सरकार द्वारा कक्षा 9 से लेकर कक्षा 12 तक प्रतिवर्ष छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है, जिससे उनकी आगे की पढ़ाई में आर्थिक सहयोग मिल सके। एक ही विद्यालय के चार विद्यार्थियों का इस प्रतिष्ठित परीक्षा में सफल होना विद्यालय के लिए गर्व की बात है। इससे विद्यालय के शिक्षकों की मेहनत और विद्यार्थियों की लगन का परिणाम भी झलकता है। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक भूपेंद्र वीर सिंह तथा विद्यालय की सभी शिक्षिकाओं ने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही अन्य विद्यार्थियों को भी शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय परिवार ने कहा कि इन विद्यार्थियों की सफलता से अन्य छात्र-छात्राओं को भी प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग लेने और बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलेगी।




# सहसों में आयोजित होली मिलन समारोह में सांसद प्रवीण सिंह पटेल ने दिया भाईचारे का संदेश

**अखंड भारत संदेश**

**सहसों।** होली के पावन अवसर पर आपसी भाईचारा, प्रेम और सौहार्द के वातावरण में सहसों बाजार में गुरुवार रात ग्राम प्रधान विष्णु केसरवानी के संयोजन में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य लोगों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

समारोह के मुख्य अतिथि फूलपुर के सांसद प्रवीण सिंह पटेल का ग्राम प्रधान विष्णु केसरवानी ने माल्यार्पण कर स्वागत और भगवान का मोमेंटो भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। वहीं भाजपा गंगापार के जिला उपाध्यक्ष अनिरुद्ध सिंह पटेल तथा जिला कोषाध्यक्ष आशीष केसरवानी ने भी मुख्य अतिथि का माल्यार्पण कर स्वागत एवं अभिनंदन किया।

इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सांसद प्रवीण सिंह पटेल ने कहा कि होली का त्योहार प्रेम, भाईचारे और सामाजिक एकता का प्रतीक है, जो लोगों को आपसी मतभेद भुलाकर एक-दूसरे के करीब आने का संदेश देता है। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर गले मिलते हुए होली की शुभकामनाएं दीं। इसके बाद सभी ने सहभोज में शामिल होकर कार्यक्रम का आनंद लिया। कार्यक्रम का संचालन शिव बाबू केसरवानी ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सहसों वासी व क्षेत्रीय गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। इसी तरह श्रीरामचरितमानस सम्मेलन समिति सहसों के तत्वावधान में श्री राम जानकी वाटिका में शुक्रवार को भी होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। आयोजन समिति के अध्यक्ष आशीष केसरवानी ने उपस्थित लोगों को अबीर-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। इस दौरान उन्होंने जानकारी दी कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सहसों में आचार्य सतानंद जी महाराज (श्रीधाम वृंदावन) के श्रीमुख से 7 मार्च से सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। इसके उपलक्ष्य में शनिवार को प्रातः बेला में भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। कार्यक्रम में विष्णु केसरवानी, सुनील केसरवानी, आलोक केसरवानी, मनोज तिवारी, राजेंद्र उर्फ बबलू केसरवानी, उमेश केसरवानी, अमन प्रकाश केसरवानी ब्रिटिश, राजू केसरवानी, मोनू केसरवानी, जय कृष्ण सोनी, राजा केसरवानी, किशन केसरवानी, दिनेश कुमार भारतीय सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं क्षेत्रीय गणमान्य उपस्थित रहे।

# कोरांव तहसील में एस आई आर कार्य की हुई समीक्षा



**कोरांव।** कोरांव तहसील सभागार में शुक्रवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदाता सूची पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य की समीक्षा की गई। इस बैठक में न्यायिक एसडीएम अतुल वर्मा, तहसीलदार विनय बरनवाल और नायब तहसीलदार रण विजय सिंह सहित कई विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। समीक्षा के दौरान न्यायिक एसडीएम अतुल वर्मा ने बताया कि जिन मतदाताओं के नाम अभी तक मतदाता सूची में नहीं जुड़ पाए हैं, वे 27 मार्च तक अपने आवश्यक दस्तावेज बीएलओ, सुपरवाइजर, एआरओ या अन्य संबंधित कार्मिकों के माध्यम से जमा कर अपना नाम सूची में शामिल करा सकते हैं।

एसडीएम वर्मा ने यह भी जानकारी दी कि मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 4 अप्रैल को होगा। उन्होंने सभी छूटे हुए मतदाताओं से अपील की कि वे अंतिम प्रकाशन से पहले अपने नाम सूची में जुड़वा लें, ताकि कोई भी मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न रहे। इस समीक्षा बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी मोहम्मद रिजवान सहित सभी विभागों के नियुक्त एआरओ, सुपरवाइजर और बीएलओ भी मौजूद रहे।

# देवनहरी में कांग्रेस की 'मनरेगा बचाओ संग्राम चौपाल', भाजपा सरकार की नीतियों की आलोचना

**अखंड भारत संदेश**

**सहसों।** कांग्रेस पार्टी गंगापार की देवनहरी गांव में शुक्रवार को ह्यमनरेगा बचाओ संग्राम चौपालह्ल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस नेताओं ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) से जुड़े मुद्दों को उठाते हुए भाजपा सरकार की नीतियों की आलोचना की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांग्रेस गंगापार जिला अध्यक्ष अशफाक अहमद ने कहा कि मनरेगा जैसी महत्वपूर्ण योजना को कमजोर कर भाजपा सरकार ने ह्यजी राम जी योजनाह्ल के नाम पर जनता को गुमराह करने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार की मनरेगा योजना के माध्यम से किसानों, मजदूरों और महिलाओं को रोजगार की गारंटी मिलती थी, लेकिन वर्तमान में मजदूरों को काम के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। कई मजदूर काम की तलाश में शहर जाते हैं, लेकिन बिना काम मिले ही शाम को घर लौट आते हैं, जिससे उनका समय और किराया दोनों बर्बाद हो जाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में आम जनता की समस्याओं को सुनने और समझने वाला कोई नहीं है।

विधानसभा प्रभारी देवराज उपाध्याय ने कहा कि भाजपा सरकार गरीब और मजदूरों की हितैषी नहीं रही। उन्होंने कहा कि आज गरीब मजदूर बुनियादी सुविधाओं के लिए भटकने को मजबूर है और स्वास्थ्य, शिक्षा, पानी तथा बिजली जैसी मूलभूत समस्याओं से जूझ रहा है। वहीं जिला उपाध्यक्ष निशा सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला महासचिव सुनील पांडे एवं संचालन मंडल अध्यक्ष श्याम जी धुरिया ने किया।



इस अवसर पर प्रभारी सद्दाम हुसैन सिद्दीकी, पुष्पा चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष रितेश पासी, डॉ. अमर सिंह पटेल, मोहम्मद फारूक, गीता देवी, सितारा देवी, संगीता देवी, कार्तिकेय पांडे, मोहम्मद यूसुफ, सलीम टाइगर, दिलीप दुबे, प्यारेलाल पाल, राम गरीब सरोज सहित कई कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।



# अजमेर पेट्रो सिटी जंघई का जिला पंचायत सदस्य ने किया उद्घाटन

**अखंड भारत संदेश**

**जंघई।** मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य प्रतापपुर वार्ड नंबर-1 बृज कुमारी पांडेय द्वारा पुलिस चौकी जंघई की समीप अजमेर पेट्रो सिटी पेट्रोल पंप का उद्घाटन शुक्रवार शाम को फीता काटकर किया गया। उन्होंने कहा कि इससे क्षेत्र के किसानों और वाहन चालकों को पेट्रोल या डीजल के लिए दूर नही जाना पड़ेगा, अब इस पेट्रोल पंप के खुलने से उन्हें काफी सहूलियत मिलेगी। यह पेट्रोल पंप क्षेत्र की समस्याओं को ध्यान में रखकर स्थापित किया गया है। कार्यक्रम आयोजक मोहम्मद राशिद पुत्र मुख्तार अहमद ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि यहां ग्राहकों को शुद्धता के साथ पूरा पेट्रोल और डीजल मिलेगा और सभी क्षेत्रवासियों से सहयोग करने की अपील किया।

# होली का पर्व प्रेम, एकता और सद्भाव का प्रतीक है : मुन्ना उपाध्याय

**जंघई।** अनुवां गांव में समाजसेवी कुंजबिहारी पांडेय द्वारा होली मिलन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में गांव के ग्रामीण, युवा और बुजुर्ग बड़ी संख्या में शामिल हुए सभी ने मिलकर उत्साह और उल्लास के साथ रंगों का यह पर्व मनाया। कलाकार शुभम तिवारी, विकास मिश्रा, आशीष शुक्ला द्वारा एक से बढ़कर होली गीत, पचरा, भोजपुरी गीत प्रस्तुत किया गया। समारोह के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर कांग्रेस नेता शरद कुमार मुन्ना उपाध्याय ने कहा कि आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश देते हुए कहा कि होली का पर्व प्रेम, एकता और सद्भाव का प्रतीक है, जो सामाजिक संबंधों को मजबूत करता है। आपसी वैमनस्य भूलकर लोग एक दूसरे के गले मिलकर भाईचारा का संदेश आदान प्रदान करते हैं और अबीर गुलाल लगाकर विभिन्न व्यंजनों का आनंद लेते हैं। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने मिलकर होली के पारंपरिक गीत गाए और रंगों के साथ त्योहार की खुशियां बांटीं पूरे समारोह का वातावरण खुशी और उत्साह से परिपूर्ण रहा। इस अवसर पर समाजसेवी जग प्रसाद पांडेय, अंबिका प्रसाद पांडेय, अनिल उपाध्याय, गरुण पांडेय, गिरीश तिवारी, संजय उपाध्याय, मुकेश मिश्रा, नीरज शुक्ला, नागेश तिवारी, तीर्थराज यादव, जितेंद्र पांडेय, सत्यम तिवारी, आनंद तिवारी, राम करन, महेंद्र यादव, पप्पू यादव, मुन्ना यादव, ओम प्रकाश यादव, अतुल यादव, मटरु बनवासी, जगबली हरिजन, सुरेश, नंदलाल आदि गांव के कई सम्मानित नागरिक भी मौजूद रहे। सभी ने एक-दूसरे को गले लगाकर होली की बधाई दी और समाज में प्रेम तथा सद्भाव बनाए रखने का आह्वान किया।



# तीन माह बाद तीन के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** इलाके के ग्राम उमरिया सारी निवासी उमेश सरोज पुत्र बाबूलाल सरोज का कहना है कि तीन माह पूर्व उनके पिता बाबूलाल सरोज को रांची झारखंड में ईट भट्ठे पर काम के लिए कुछ लोग ले गए। परन्तु उनका आज तक कुछ पता नहीं चला। उमेश सरोज का आरोप है कि वह पिता को ले जाने वालों से पूछा तो वह कुछ बता नहीं सके। उमेश सरोज को आशंका है कि उनके पिता को गांव के कुछ लोग गायब कर हत्या कर दिए हैं। उमेश सरोज का आरोप है कि कहीं सुनवाई न होने पर वह न्यायालय गए। जहां न्यायालय के आदेश पर मऊआइमा पुलिस ने गांव के धर्मेन्द्र सरोज,झगड़ू,ललहा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# नैनी बाजार की कपड़ा फाड़ होली पर डीजे की धुन पर थिरकते रहे लोग





**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी बाजार में बीते कई वर्षों से होली के तीसरे दिन भी कपड़ा फाड़ होली का आयोजन होता है। जहां समस्त व्यापारी व आसपास के रहने वाले लोग नैनी बाजार में आयोजित कपड़ा फाड़ होली में शामिल होते हैं और हर्षोल्लास के साथ एक दूसरे को रंग लगाते हैं। फिल्मी गीतों की धुनों पर लोग घंटों झूमते रहते हैं। इस बार नैनी बाजार में सुबह से ही होली खेलने वाले लोग पहुंचे और डीजे की धुनों पर देर तक डांस करते रहे। वहीं नैनी बाजार के दोनों तरफ के रास्तों के अलावा नैनी बाजार में प्रवेश करने वाले अन्य रास्तों में भी बैरिकेडिंग लगाकर पुलिस के जवान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर तैनात रहे। साथ ही बाजार के अंदर पैदल गस्त भी करते रहे। किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस के जवान नैनी कोतवाल ब्रज किशोर गौतम अपने हमराहियों के साथ मुस्तैद रहे। वहीं पार्षद व व्यापार मंडल अध्यक्ष राकेश जयसवाल नगर निगम से पानी का टैंकर की व्यवस्था करवाएं हुए थे, पार्षद राकेश जयसवाल बताते हैं कि यह परंपरा नैनी बाजार की बहुत पुरानी चली आ रही है।

# लोकनाथ में पहली बार महिलाओं की होली, डीजे की धुन पर रंग-गुलाल के बीच झूमीं युवतियां

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** चौक स्थित लोकनाथ व्यायामशाला परिसर में शुक्रवार को होली के तीसरे दिन रंगों का उत्सव पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। इस बार आयोजन की खास बात यह रही कि पहली बार महिलाओं और युवतियों के लिए अलग से होली कार्यक्रम रखा गया, जिसमें शहर के अलग-अलग इलाकों से बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं।

डीजे की धुन पर महिलाओं ने अबीर-गुलाल उड़ाते हुए जमकर नृत्य किया और एक-दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। पूरे परिसर में रंग, संगीत और उत्साह का माहौल बना रहा। महिलाओं और युवतियों ने सुरक्षित माहौल में होली का भरपूर आनंद लिया।

लोकनाथ में वर्षों से पारंपरिक रूप से होली खेलने की परंपरा चली आ रही है। अब तक यहां होने वाले आयोजनों में मुख्य रूप से पुरुष और युवा ही हिस्सा लेते थे, लेकिन इस बार महिलाओं के लिए विशेष आयोजन किया गया, जिसे लेकर प्रतिभागियों में खासा उत्साह देखने को मिला।

आयोजक निखिल पांडेय ने बताया कि हर साल यहां युवाओं की होली खेली जाती रही है। इस बार कुछ युवतियों के समूह ने भी होली खेलने की इच्छा जताई थी, जिसके बाद महिलाओं के लिए अलग से कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्होंने बताया कि आयोजन में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया और सभी ने रंग-गुलाल व संगीत के साथ उत्साहपूर्ण माहौल में होली का आनंद लिया।

# प्रयागराज में नेपाली महिला की संदिग्ध मौत लिव-इन पार्टनर की चुप्पी से बढ़ा रहस्य

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** कैंट क्षेत्र में किराए के कमरे में फंदे पर लटकी मिली नेपाल की 33 वर्षीय महिला किरण चौधरी की मौत का रहस्य गहराता जा रहा है। घटना के दूसरे दिन भी उसका लिव-इन पार्टनर प्रियांशू तिवारी चुप्पी साधे रहा। महिला के परिजनों के बारे में पूछने पर उसने किसी भी तरह की जानकारी होने से इंकार कर दिया। वहीं, पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के बिना ही उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

बताया जा रहा है कि महिला कैंट के मऊ कछार इलाके में किराए के कमरे में रहती थी। वह सोरांव निवासी प्रियांशू तिवारी के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में थी। जिस कमरे में उसका शव मिला, उसका एक दरवाजा अंदर से बंद था, जबकि दूसरे दरवाजे पर बाहर से ताला लगा था। शुक्रवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया।

**प्रेमी भाई और परिचितों के साथ पहुंचा मर्चरी**

पोस्टमार्टम के समय महिला के परिवार का कोई सदस्य मौजूद नहीं था। मर्चरी पर प्रियांशू तिवारी अपने भाई और दो परिचित युवकों के साथ पहुंचा था। पोस्टमार्टम के बाद वही चारों लोग शव को लेकर चले गए.इस दौरान प्रियांशू ने मीडिया से बातचीत से बचने की कोशिश की। उसने सिर्फ इतना बताया कि किरण से उसकी पहचान इंस्टाग्राम के जरिए हुई थी और पिछले दो साल से वह उसके साथ लिव-इन में रह रहा था। इसके अलावा उसने किसी भी जानकारी से अनभिज्ञता जताई और वहां से निकल गया।

**भाई ने बताया, घर पर था प्रियांशू**

मर्चरी पर मौजूद प्रियांशू के छोटे भाई ने बताया कि चार मार्च को उसका भाई होली मिलने के लिए सोरांव स्थित घर आया था। रात करीब साढ़े आठ बजे किरण का फोन आया था, जिसमें उसने पूछा था कि वह कब तक लौटेगा, क्योंकि वह उसके साथ खाना खाने का इंतजार कर रही थी। प्रियांशू ने कुछ देर में आने की बात कहकर फोन काट दिया था।

**महिला की बेटी का सुराग नहीं**

पुलिस के अनुसार पूछताछ में प्रियांशू ने बताया था कि किरण की एक बेटी है, जो कानपुर में रहकर पढ़ाई करती है। हालांकि पुलिस अभी तक उसकी बेटी का पता नहीं लगा सकी है। वहीं बाद में प्रियांशू ने बेटी के बारे में कोई जानकारी होने से भी इंकार कर दिया।

**मोबाइल गायब, दोस्त भी लापता**

मामले में पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं। महिला का मोबाइल फोन अभी तक बरामद नहीं हुआ है। पुलिस को दिए बयान में प्रियांशू ने कहा था कि किरण का मोबाइल उसका एक दोस्त लेकर चला गया है। जब पुलिस उस दोस्त के घर पहुंची तो वहां ताला लगा मिला। 36 घंटे से अधिक समय बीतने के बाद भी पुलिस न तो मोबाइल बरामद कर पाई है और न ही उस कथित दोस्त का पता लगा सकी है।

**थाना प्रभारी ने जताई शंका**

कैंट थाना प्रभारी अमरनाथ राय के अनुसार कमरे से महिला से जुड़े कोई दस्तावेज नहीं मिले हैं। उसके परिजनों की जानकारी मोबाइल फोन से ही मिल सकती है, जो फिलहाल गायब है। पुलिस को मोबाइल नंबर मिला है और उसकी कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) निकलवाई जा रही है।

उन्होंने कहा कि लिव-इन पार्टनर की भूमिका संदिग्ध लग रही है और उसे जांच के दायरे में रखा गया है। फिलहाल अंतिम संस्कार के लिए उसे समय दिया गया था, जिसके बाद दोबारा बुलाकर उससे पूछताछ की जाएगी।

# गौहनिया में 10 मार्च को विजय दिवस पर होली मिलन व कवि सम्मेलन




**प्रयागराज।** विजय दिवस के अवसर पर 10 मार्च को गौहनिया स्थित एम.वी. कॉन्वेंट स्कूल में होली मिलन समारोह, कवि सम्मेलन तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के वंशजों का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्मृति शेष राजाराम आर्य की स्मृति में आयोजित होगा, जिसमें बारा विधायक डॉ. वाचस्पति तथा पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष कौशाम्बी मधु वाचस्पति मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का आयोजन स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वंशज विचार समिति के संयोजक सूर्य प्रकाश समदरिया के नेतृत्व में किया जा रहा है। समारोह में प्रमोद बाबू झा, सुरेखा केसरवानी ओम शांति श्री, मुराद अहमद मुराद, निखिलेश मालवीय, लाल जी सिंह, संतोष शुक्ल, धनंजय शाश्वत, नीलम तिवारी, मोहिनी श्रीवास्तव व सत्यभामा मिश्रा सहित कई कवि अपनी रचनाएं प्रस्तुत करेंगे। बारा विधानसभा क्षेत्र की जनता को कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है। उक्त जानकारी विधायक बारा के मीडिया प्रभारी नीरज केसरवानी ने दी।

## अराजक तत्वों के खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा : संदिग्धों से पूछताछ जारी

**थरवई।** बीते दो दिन पूर्व हुई घटना जिसमें अराजक तत्वों द्वारा मकान से कुछ दूरी पर खड़ी चार पहिया वाहन स्विफ्ट गाड़ी में कुछ अज्ञात द्वारा आग लगा दिए थे जो पूरी तरह से जलकर खाक हो गई। पीड़िता संयोगिता गहलोत पत्नी अजय नाथ गहलोत द्वारा घटना की लिखित तहरीर स्थानीय थाना थरवई पर दी गई थी। जिसमें एसीपी थरवई अरुण पाराशर व थाना प्रभारी संतोष कुमार पाण्डेय ने घटना स्थल पर पहुंचकर स्थालीय निरीक्षण किया और जाँच पड़ताल में जुटे रहे। प्राप्त तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करते हुये जाँच में जुटे रहे। वहीं कुछ संदिग्धों से भी पूछताछ जारी है। सहायक पुलिस आयुक्त थरवई ने बताया की मामले की जाँच पड़ताल में पुलिस जुटी है। वहीं इंस्पेक्टर थरवई ने बताया कि जाँच पड़ताल करते हुए सीसीटीवी आदि सभी खंगाले रहे हैं।

# मेजारोड में अनियंत्रित ट्रैक्टर ने बाइक को रौंदा बाजार में मचा हड़कंप और अफरा तफरी

**अखंड भारत संदेश**




**मेजा।** मेजारोड बाजार में शुक्रवार शाम एक अनियंत्रित ट्रैक्टर ने सड़क किनारे खड़ी बाइक को रौंद दिया। घटना के बाद बाजार में अफरा-तफरी मच गई और कुछ देर के लिए राजमार्ग पर जाम की स्थिति बन गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित कर यातायात बहाल कराया।

मेजा थाना क्षेत्र के मेजारोड पुलिस चौकी अंतर्गत शुक्रवार शाम ट्रैक्टर चालक स्वामीनाथ अपने ट्रैक्टर में आई तकनीकी खराबी को ठीक कराने के लिए बाजार स्थित एक दुकान के पास उसे खड़ा किया था। बताया जाता है कि ट्रैक्टर में कुछ तकनीकी खराबी होने के कारण वह पेचकस की मदद से उसे स्टार्ट करने का प्रयास कर रहा था। इसी दौरान ट्रैक्टर गियर में होने के कारण अचानक आगे बढ़ गया और चालक का उस पर से नियंत्रण छूट गया।

अनियंत्रित ट्रैक्टर सामने खड़ी बाइक को अपनी चपेट में लेते हुए उसे घसीटता हुआ आगे बढ़ गया, जिससे बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। क्षतिग्रस्त बाइक रामसागर निवासी बंधवा की बताई जा रही है। वह ट्रैक्टर के सामने ही बाइक खड़ी कर पास की दुकान से सामान की खरीदारी कर रहा था। इसी दौरान अनियंत्रित ट्रैक्टर ने बाइक को अपनी जद में ले लिया। गौरतलब है कि अचानक हुए इस घटनाक्रम से बाजार में मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। इसी दौरान चालक भी ट्रैक्टर से गिरकर घायल हो गया और उसका बाया पैर टूट गया। मौके पर मौजूद लोगों ने दौड़कर किसी तरह ट्रैक्टर पर चढ़कर ब्रेक लगाकर उसे नियंत्रित किया। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते ट्रैक्टर को नहीं रोका जाता तो बड़ा हादसा हो सकता था। घटना के बाद बाजार में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और राजमार्ग पर कुछ देर के लिए जाम लग गया। सूचना मिलते ही मेजारोड चौकी प्रभारी हरिओम सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घायल चालक को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया और क्षतिग्रस्त बाइक को हटवाकर यातायात को सामान्य कराया। पुलिस मामले की जानकारी जुटा रही है।

# प्रयागराज की नैनी केंद्रीय कारागार में कैदियों ने शांतिपूर्ण माहौल में मनाई होली, ढोल-मंजीरों पर गूंजे फगुआ गीत

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज ।** रंगों के त्योहार होली के अवसर पर नैनी केंद्रीय कारागार में बंदियों ने पारंपरिक और अनुशासित तरीके से होली का उत्सव मनाया। इस दौरान कैदियों ने हर्बल अबीर-गुलाल और फूलों से होली खेली तथा ढोल-मंजीरों की धुन पर फगुआ गीत गाकर त्योहार की खुशियां साझा कीं।

**हर्बल रंगों और फूलों से खेली होली**

जेल प्रशासन के निदेर्शों के अनुसार जेल परिसर में केमिकल रंगों का इस्तेमाल नहीं किया गया। बंदियों ने स्वयं एक सप्ताह पहले से हर्बल रंग तैयार किए थे। इन्हीं प्राकृतिक रंगों को पानी के टैंकरों में घोलकर सर्किलों में होली खेली गई। बंदी अलग-अलग बैरकों में जाकर एक-दूसरे को गुलाल लगाते और गले मिलकर बधाई देते नजर आए।

**अधिकारियों की मौजूदगी में मनाया गया त्योहार**

होली के अवसर पर जेल अधिकारी भी विभिन्न सर्किलों में मौजूद रहे और बंदियों के साथ उत्सव में शामिल हुए। प्रशासन की ओर से पहले ही यह निर्देश दिया गया था कि किसी प्रकार का हुड़दंग या अव्यवस्था न हो। बंदियों ने भी अनुशासन का पालन करते हुए शांतिपूर्ण माहौल में त्योहार मनाया।

**सीसीटीवी कैमरों से होती रही निगरानी**

जेल परिसर में लगे करीब 65 सीसीटीवी कैमरों के जरिए पूरे कार्यक्रम की निगरानी की गई। इसकी मॉनिटरिंग जेल के कमांड सेंटर के साथ-साथ लखनऊ से भी की जा रही थी, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी सर्किलों में व्यवस्था बनी रहे और अधिकारी मौजूद रहें।

**त्योहार के कारण मुलाकात पर लगाई गई रोक**

होली के मद्देनजर जेल प्रशासन ने एक दिन के लिए मुलाकातियों के प्रवेश पर रोक लगा दी थी। इसके लिए पहले से जेल के बाहर नोटिस भी चस्पा किया गया था, ताकि दूर-दराज से आने वाले लोगों को परेशानी न हो। होली के एक दिन पहले सख्ती के साथ मुलाकात कराई गई और बाहर से आने वाले सामान की कड़ी जांच की गई। त्योहार के बाद मुलाकात की व्यवस्था फिर सामान्य कर दी जाएगी।

**जेल की वर्दी में ही दिखे कैदी**

होली खेलते समय कैदी जेल में मिलने वाली वर्दी में ही नजर आए। कोई सफेद कपड़ों में तो कोई पीले कुर्ते और लाल टोपी में दिखाई दिया। सभी ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर त्योहार की शुभकामनाएं दीं।

**विशेष भोजन की भी व्यवस्था**

होली के मौके पर जेल प्रशासन की ओर से बंदियों के लिए विशेष भोजन तैयार कराया गया। एक समय सामान्य भोजन में दाल, चावल, रोटी और सब्जी दी जाएगी, जबकि दूसरे समय पनीर की सब्जी, पूड़ी और सूजी का हलवा परोसा जाएगा।

वरिष्ठ जेल अधीक्षक विजय विक्रम सिंह ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी बंदियों ने आपसी भाईचारे के साथ होली मनाई। इस बार डीजे की व्यवस्था नहीं की गई, बल्कि ढोल-मंजीरों के साथ पारंपरिक फगुआ गीत गाते हुए कैदियों ने त्योहार का आनंद लिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा और अनुशासन का विशेष ध्यान रखा गया।



# समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव के आवास पर इफ्तार का आयोजन हुआ

**नैनी।** नैनी क्षेत्र में शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव मो. शारिक के आवास पर इफ्तार का आयोजन किया गया। रमजान के पवित्र माह में आयोजित इस इफ्तार पार्टी में बड़ी संख्या में रोजेदार शामिल हुए। इफ्तार के समय रोजेदारों ने खजूर खाकर अपना रोजा खोला और एक-दूसरे को रमजान की मुबारकबाद दी। इफ्तार के दौरान आपसी भाईचारे और सौहार्द का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने देश में अमन-चैन और तरक्की के लिए दुआ भी की। इस अवसर पर इसरत सिद्दीकी, सेबू, मो. गुड्डू, तारिक अफताब, मो. अमीर, मो. फैज, मो. अशद, मो. रशीद, मो. आदिल, अनस रजा, शानू कुरैशी, एहतशाम, कैप्टन सहित कई रोजेदार मौजूद रहे।

# भटौती में उत्तर प्रदेश ट्रक एसोसिएशन के तत्वावधान में होली मिलन समारोह संपन्न



होली मिलन समारोह में मौजूद ट्रक एसोसिएशन के पदाधिकारी

**मेजा।** उत्तर प्रदेश ट्रक एशोसिएशन के तत्वावधान में शुक्रवार को भटौती कोनियां में होली मिलन समारोह का आयोजन संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश मिश्रा की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान संगठन के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार पूर्वक विचार विमर्श हुआ और संगठन को मजबूत बनाने के लिए उपस्थित सभी लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर संगठन के संरक्षक लक्ष्मी कांत शुक्ल ,प्रयागराज जिलाध्यक्ष कमाता केशरी,यमुनापार प्रभारी रामबाबू यादव, प्रकाश सिंह यादव , संगठन मंत्री अतुल तिवारी , कोषाध्यक्ष आँशु सिंह, मुख्य सलाहकार बबलू पांडेय, अनीश द्विवेदी, मनोज यादव, अरुण यादव , मदन यादव, रज्जन पटेल, नसीम अहमद, नीरज पांडेय ,बबलू यादव तथा कुंवर यादव आदि के अलावा कई अन्य पदाधिकारी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# दुर्गावती एजुकेशनल चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में जिला स्तरीय प्रतिभा खोज परीक्षा प्रतियोगिता का हुआ आगाज

## आगामी 25 मार्च तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में कुल 25 स्कूलों के बच्चे करेंगे प्रतिभाग, पहले दिन हंस वाहिनी पब्लिक स्कूल के 267 छात्र छात्राओं ने सामान्य ज्ञान और कला की प्रतियोगिता में किया प्रतिभाग

**अखंड भारत संदेश**




सामान्य ज्ञान और कला प्रतियोगिता में प्रतिभाग के पश्चात प्रमाण पत्र लेकर बैठे बच्चे

**मेजा।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी दुर्गावती एजुकेशनल चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में शुक्रवार को जिला स्तरीय प्रतिभा खोज परीक्षा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें यमुनापार के कुल 25 विद्यालयों के बच्चों ने प्रतिभाग किया है।

उल्लेखनीय है कि आगामी 25 मार्च तक चलने वाली इस प्रतियोगिता के पहले दिन हंस वाहिनी पब्लिक स्कूल के 267 बच्चों ने दुर्गावती इंटरनेशनल स्कूल शाखा गोसौरा कला में पहुंच कर सामान्य ज्ञान एवं कला प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया जिसमें उत्कर्ष मिश्रा कक्षा पांच प्रथम,नमन तिवारी कक्षा आठ द्वितीय और कात्यायनी गुप्ता कक्षा दो तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के दौरान हंस वाहिनी पब्लिक स्कूल के प्रबंधक रत्नेश तिवारी और उनके स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं का महत्व पूर्ण योगदान रहा। इसके अतिरिक्त प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले 10 बच्चों को सांत्वना पुरस्कार तथा अन्य सभी छात्र छात्राओं को प्रतिभागिता प्रमाण पत्र दिया गया। प्रतियोगिता के दौरान दुर्गावती एजुकेशनल चैरिटेबल ट्रस्ट की प्रबंधक सुश्री डॉ स्वतंत्र मिश्रा ने सभी प्रतिभागी छात्र छात्राओं का उत्साहवर्धन किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दिया है।

## 24 घंटे बाद भी नहर में डूबी तीन मासूम बेटियों का नहीं लगा सुराग, सर्च आपरेशन जारी

अखंड भारत संदेश



**कुण्डा।** थाना क्षेत्र के खनवारी नहर में डूबी तीन मासूम बेटियों का 24 घंटे बीत जाने के बाद भी अब तक कोई सुराग नहीं लग सका है। घटना के बाद से प्रशासन, पुलिस और राहत एजेंसियां लगातार नहर में सर्च ऑपरेशन चलाकर बच्चियों की तलाश में जुटी हुई हैं।

घटना की सूचना मिलते ही संग्रामगढ़ थाना प्रभारी मनोज तोमर तत्काल मौके पर पहुंच गए थे। वह अपनी पूरी पुलिस टीम के साथ बीते 24 घंटे से लगातार मौके पर मौजूद रहकर सर्च ऑपरेशन की निगरानी कर रहे हैं और राहत कार्यों का नेतृत्व कर रहे हैं। डूबने वाले स्थान से लेकर कई किलोमीटर दूर तक पुलिस, गोताखोरों और राहतकर्मियों की मदद से लगातार तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। थाना प्रभारी स्वयं मौके पर मौजूद रहकर अभियान को तेज करने में जुटे हैं और हर संभव प्रयास किया जा रहा है कि बच्चियों का जल्द से जल्द पता लगाया जा सके। घटना की गंभीरता को देखते हुए प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर नजर बनाए हुए हैं। उपजिलाधिकारी (एसडीएम) सहित अन्य अधिकारी लगातार सर्च ऑपरेशन की मॉनिटरिंग कर रहे हैं, ताकि राहत और बचाव कार्य में किसी प्रकार की कमी न रह जाए। नहर में सघन सर्च अभियान चला रही है। गोताखोरों की मदद से डूबने वाले स्थान से कई किलोमीटर आगे तक गहन तलाशी ली जा रही है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इस हृदयविदारक घटना से पूरा इलाका स्तब्ध है और हर कोई जल्द से जल्द बच्चियों का पता चलने की प्रार्थना कर रहा है। प्रशासन का कहना है कि सर्च ऑपरेशन लगातार जारी रहेगा और जब तक बच्चियों का कोई सुराग नहीं मिल जाता, तब तक राहत एवं बचाव कार्य बंद नहीं किया जाएगा।

## क्राकरी स्टोर में लगी आग, लाखों का सामान जलकर राख







अखंड भारत संदेश

**पट्टी।** आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के सैफाबाद बाजार में शुक्रवार देर रात एक क्राकरी स्टोर में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई, जिससे दुकान में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। घटना से बाजार क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार सैफाबाद बाजार निवासी आजाद खान पुत्र रहीम खान व महफूज खान पुत्र मंजुल खान की बाजार में क्राकरी की दुकान है। देर रात अचानक दुकान से धुआं और आग की लपटें उठती देख आसपास के लोगों ने शोर मचाया और इसकी सूचना फायर ब्रिगेड व पुलिस को दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड पट्टी के प्रभारी आदर्श कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उनके साथ योगेंद्र यादव, आकाश कुमार, अमरजीत कुमार, श्रीप्रकाश, मणिसेन, अश्वनी कुमार व मंजेकर कुमार भी मौजूद रहे। फायर कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक दुकान में रखा क्राकरी का अधिकांश सामान जलकर नष्ट हो चुका था। इस संबंध में सैफाबाद उप निरीक्षक योगेंद्र कुमार ने बताया कि आग किन कारणों से लगी, यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। मामले की जांच की जा रही है।

## एलईडी वैन से 'श्री अन्न' का प्रचार, किसानों और लोगों को किया जा रहा जागरूक



**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के अंतर्गत कृषि विभाग द्वारा शहरों, कस्बों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में एलईडी वैन के माध्यम से ह्यश्री अन्नह्ण के प्रचार-प्रसार का व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य किसानों और आम जनमानस को पोषक तत्वों से भरपूर श्री अन्न की खेती और उसके लाभों के प्रति जागरूक करना है। प्रदेश सरकार द्वारा श्री अन्न (बाजरा, ज्वार, रागी, कोदो, सांवा आदि) को बढ़ावा देने के लिए व्यापक स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। एलईडी वैन जनपद के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर जाकर श्री अन्न के महत्व पर आधारित लघु फिल्म, गीत, विज्ञापन और डॉक्यूमेंट्री फिल्म के माध्यम से लोगों को जानकारी प्रदान कर रही है। श्री अन्न को सुपर फूड भी कहा जाता है। स्वास्थ्य की दृष्टि से यह कैल्शियम, आयरन और फाइबर से भरपूर होता है तथा मधुमेह और मोटापे जैसी बीमारियों से लड़ने में सहायक है। श्री अन्न की खेती के लिए बहुत कम पानी की आवश्यकता होती है और यह प्रतिकूल जलवायु परिस्थितियों में भी आसानी से उगाया जा सकता है। इसकी खेती में लागत भी कम आती है, क्योंकि इसमें पानी, उर्वरक और कीटनाशकों की आवश्यकता कम होती है। विश्व स्तर पर श्री अन्न की बढ़ती मांग के कारण किसानों को इससे अच्छा लाभ भी प्राप्त हो रहा है। कृषि विभाग द्वारा श्री अन्न की खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों को कई प्रकार की सुविधाएँ प्रदान की जा रही हैं, जिनमें मिलेट्स बीज मिनीकिट का निःशुल्क वितरण, प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना पर अनुदान, मोबाइल आउटलेट पर अनुदान, मिलेट्स स्टोर पर अनुदान, प्रशिक्षण एवं तकनीकी सहायता तथा प्रेरणा कैंटीन पर अनुदान शामिल हैं। जनपद में कृषि विभाग प्रतापगढ़ द्वारा एलईडी वाहन का संचालन प्रारंभ किए जाने के उपरांत उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव ने हरी झंडी दिखाकर वाहन को रवाना किया। इसके बाद विकास खंड मानधाता के ग्राम रामपुर मुस्तर्का तथा विकास खंड लक्ष्मणपुर के जेठवारा बाजार में एलईडी वाहन के माध्यम से कार्यक्रम का संचालन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने एलईडी पर प्रसारित लोकगीतों और चलचित्रों के माध्यम से श्री अन्न के महत्व की जानकारी प्राप्त की और कार्यक्रम का आनंद लिया।

## घर में घुसकर दो बहनों को पीटा, अपहरण की कोशिश

**कुंडा।** संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के जयचन्दपुर गांव में दबंगों की हैरतअंगेज करतूत सामने आई है। आरोप है कि गांव के ही कुछ अराजक तत्व किस्म के लोग पहले लाठी-डंडों से लैस होकर परिवार के लोगों के साथ मारपीट की, फिर शाम को दोबारा अपने रिश्तेदारों को बोलेरो से बुलवाकर घर में मौजूद दो बहनों को जमकर पिटवाया। हमलावर जबरन दोनों बहनों को उठाकर ले जाने की कोशिश की। युवतियों के शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीणों के पहुंचने से आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घटना से इलाके में दहशत का माहौल है।

जयचन्दपुर गांव के रहने वाले विनोद कुमार पटेल पुत्र लक्ष्मण प्रसाद पटेल ने संग्रामगढ़ पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 28 फरवरी 2026 की सुबह करीब साढ़े सात बजे गांव के ही अनिल पटेल अपने परिजनों के साथ लाठी-डंडों से लैस होकर उनके घर पहुंच गया। आरोप है कि अनिल और उसके साथियों ने गाली-गलौज करते हुए परिवार के लोगों पर हमला बोल दिया और लाठी-डंडों से जमकर मारपीट की। अचानक हुए हमले में परिवार के कई लोग घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। पीड़ित का आरोप है कि उसी दिन शाम करीब छह बजे अनिल पटेल के बुआ का पुत्र शिवम पटेल पुत्र बृजलाल निवासी लखपेड़ा बाजार बोलेरो से अपने कई साथियों के साथ दोबारा उनके घर में घुस गया। उस समय घर में उसकी पुत्रियां मुस्कान पटेल (18) और बहन अंचल (17) मौजूद थीं। आरोप है कि आरोपियों ने दोनों युवतियों के साथ घर में घुसकर मारपीट शुरू कर दी और जबरन उठाकर ले जाने का प्रयास किया। ग्रामीणों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से बोलेरो छोड़कर फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली। पीड़ित पक्ष के अनुसार घायलों का मेडिकल परीक्षण भी कराया जा चुका है लेकिन पुलिस दोबारा हुए हमले में शामिल हमलावरों के खिलाफ मुकदमा नही लिख रही है और रात के अंधेरे का फायदा उठाकर पुलिस घटना में शामिल बोलेरो को ले जाकर हमलावरों को सौप दिया। स्थानीय पुलिस को तहरीर देने के बाद भी पुलिस ने मुकदमा दर्ज नही किया है। पीड़ित ने स्थानीय पुलिस के कृत्यों की शिकायत एसपी से करने की बात कही है।

## शिक्षा के मजबूत वातावरण में विकास को मिलती है शक्ति : मोना




**लालगंज।** भटनी स्थित छोटू इण्टरनेशनल कान्वेंट स्कूल में हुए वार्षिकोत्सव का शुक्रवार को क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया गया। छात्रा सृष्टि, श्रेया, कोमल आदि ने सरस्वती वंदना तथा स्वागत गान की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। विधायक मोना ने वार्षिकोत्सव में सरयू समाज कल्याण संस्थान की ओर से मेधावी छात्रा प्रिया सरोज व अर्पिता सरोज को लैपटॉप प्रदान कर सम्मानित किया। बतौर मुख्य अतिथि विधायक मोना ने कहा कि शिक्षा के जरिए ही किसी भी क्षेत्र व समाज तथा राष्ट्र का उत्थान हुआ करता है। उन्होने कहा कि रामपुरखास में सांसद प्रमोद तिवारी की शिक्षा के क्षेत्र में प्राथमिकता के चलते मेधावियों को ज्ञान का लक्ष्य हासिल करने का वातावरण सुदृढ़ हुआ है। उन्होने कहा कि सर्वश्रेष्ठ रामपुरखास का आदर्श इस क्षेत्र को शत प्रतिशत साक्षरता से संतृप्त किया जाना है। वहीं उन्होने कहा कि क्षेत्र में विकास की सभी आवश्यक योजनाओं का लगातार संचालन इसकी सर्वश्रेष्ठता है। विशिष्ट अतिथि कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव सुशील पासी तथा योगेश पासी ने भी शैक्षिक परिवेश की मजबूती को राष्ट्रीय विकास के लिए मुख्य आधार बताया। निदेशक हरिश्चंद्र सरोज ने अतिथियों का स्वागत तथा संचालन डॉ0 नन्हेंलाल यादव ने किया। प्रबंधक हरीलाल सरोज ने आभार प्रदर्शन किया। वहीं विधायक आराधना मिश्रा मोना ने क्षेत्र के शेषपुर धनापुर, भकरा, सीताराम का पुरवा आदि स्थानों पर भी विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुईं। इस मौके पर भुवनेश्वर शुक्ल, जिपंस रघुनाथ सरोज, लालजी यादव, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ला, राकेश चतुर्वेदी, अशोक सिंह, मक्खन लाल साहू, आनन्द पाण्डेय, निसार अहमद, रविशंकर शुक्ला, लालजी पटेल, राम आसरे सरोज, छोटे लाल सरोज, आचार्य विद्याधर पटेल, रमेश तिवारी आदि रहे।

## राजा भइया ने बेंती कोठी पर की जनसुनवाई

अखंड भारत संदेश



**कुंडा।** राजभवन बेंती में शुक्रवार को जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंडा विधायक पूर्व कैबिनेट मंत्री कुँवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया ने क्षेत्र से आए लोगों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और उनके त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। राजभवन में आयोजित इस जनसुनवाई में दूर-दराज के गांवों से पहुंचे लोगों ने अपनी व्यक्तिगत व सामूहिक समस्याएं उनके समक्ष रखीं। उन्होंने प्रत्येक फरियादी की बात ध्यानपूर्वक सुनते हुए समस्याओं के शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया। कई मामलों में मौके पर ही संबंधित विभागों से बात कर त्वरित कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए। जनसुनवाई के उपरांत राजा भइया राजभवन पहुंचे जहां अपने समर्थकों, कार्यकताओं और प्रशंसकों से आत्मीय मुलाकात की तथा उनका कुशल-क्षेम जाना। इस दौरान क्षेत्रीय विकास,जनकल्याण और सामाजिक सरोकारों को लेकर भी चर्चा हुई। राजभवन में बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने राजा भइया के प्रति अपनी आस्था और विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि वे हमेशा की तरह जनता की समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर रहते हैं। इस अवसर पर जनसत्ता दल के कई पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा क्षेत्र के गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।

### मधुमक्खी के हमले से युवक घायल

**लालगंज।** मधुमक्खी के हमले से युवक घायल हो गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल भेजवाया गया है। पडोसी जिले रायबरेली के करहिया बाजार डीह निवासी सुनील पाण्डेय शुक्रवार को स्कूटी से रिश्तेदार के यहां जा रहा था। उदयपुर थाना के अर्न्तगत राहाटीकर में दोपहर करीब बारह बजे अचानक हुए मधुमक्खियों के हमले से वह घायल होकर स्कूटी से गिर गया। घटना में घायल सुनील अचेत हो गया। आसपास के लोगों ने उसे इलाज के लिए पीएचसी राहाटीकर भेजवाया। जहां हालत गंभीर देख चिकित्सक ने घायल को सांगीपुर सीएचसी रेफर कर दिया। जहां उसका इलाज चल रहा है।

## एनएसएस का विशेष शिविर व्यक्तित्व निखारने का सशक्त माध्यम : प्रो. मिथलेश त्रिपाठी

अखंड भारत संदेश




**पट्टी।** स्नातकोत्तर महाविद्यालय पट्टी में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन समारोह शुक्रवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. मिथलेश त्रिपाठी ने की। अपने संबोधन में प्रो. त्रिपाठी ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष शिविर प्रशिक्षण देने का ऐसा उपक्रम है, जिससे व्यक्तित्व सजता और संवरता है। यह व्यक्ति के भीतर छिपी हुई प्रतिभाओं को सामने लाने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि सेवक में सेवा प्राप्त करने वाले के प्रति समर्पण का भाव ही सच्चा सेवा भाव होता है और एनएसएस का विशेष शिविर इसी सेवा भावना को विकसित करने का कार्य करता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. आर. वी. अग्रहरि ने कहा कि विशेष शिविर में केवल भाग लेना ही पर्याप्त नहीं होता, बल्कि जब छात्र-छात्राएं समूह में रहकर कार्य करते हैं, विचार साझा करते हैं और एक साथ उठते-बैठते हैं, तब उनमें सामूहिकता की भावना विकसित होती है, जिससे व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होता है। उन्होंने कहा कि सभी को मैं राष्ट्र का सेवक हूं का संकल्प लेना चाहिए, जिससे वे राष्ट्र के विकास में सहभागी बन सकें। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि व अध्यक्ष द्वारा मां सरस्वती तथा युवा प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ हुई। इसके बाद लक्ष्मी गुप्ता ने सरस्वती वंदना तथा दीक्षा मिश्रा ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. देवेंद्र नारायण पाण्डेय ने अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान कविता के माध्यम से राष्ट्रीय गीत तथा सेजल मिश्रा द्वारा देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया गया। डॉ. शिव शेखर पाण्डेय और अम्ब्रीस यादव ने भी अपने विचार व्यक्त किए। वहीं डॉ. वीरेंद्र कुमार मिश्र ने सात दिवसीय विशेष शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रागनी सोनकर ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।उद्घाटन समारोह में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. सुनील मिश्र, डॉ. जे.के. आदित्य, डॉ. अंजलि सिंह, अर्चना सिंह सहित अन्य शिक्षक और शिविरार्थी कृष्णा मौर्या, अशिका सिंह, दीक्षा शर्मा, वर्षा मंडल आदि उपस्थित रहे। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## विशालकाय अजगर निकलने से ग्रामीणों में दहशत

**पट्टी।** तहसील क्षेत्र के बेहटा गांव में शुक्रवार को उस समय दहशत फैल गई जब एक घर के पास तालाब किनारे विशालकाय अजगर दिखाई दिया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों की मदद से अजगर को पकड़कर अपने साथ ले गई। जानकारी के अनुसार बेहटा गांव निवासी अच्छेलाल के घर के बगल तालाब के किनारे शुक्रवार को दिन में लगभग 2 बजे के आसपास ग्रामीणों ने एक बड़े अजगर को देखा। अजगर को देखते ही गांव में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम गांव पहुंची और सावधानीपूर्वक ग्रामीणों की मदद से अजगर को पकड़ लिया। वन दरोगा राजकुमार सिंह ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर टीम मौके पर पहुंची थी। अजगर को सुरक्षित पकड़कर अपने साथ ले लिया गया है और उसे सुरक्षित स्थान पर छोड़ने की तैयारी की जा रही है।

## बेटे सीए तो बेटी बनी आईसीएस गांव में खुशी की लहर

अखंड भारत संदेश



**बेलखरनाथ धाम।** ईमानदारी से की गई मेहनत कभी बेकार नहीं जाती इंसान को उसका मुकाम मिल ही जाता है। ऐसा ही कुछ करके दिखाया है ट्रक ड्राइवर की बेटी व बेटों ने जहां दोनों बेटे सीए परीक्षा पास किया वहीं बेटी ने भी आईसीएस की परीक्षा उत्तीर्ण कर नाम रोशन किया है। ट्रक ड्राइवर के लिए यह सबसे बड़ी खुशी है कि एक साथ उसके दोनों बेटे व बेटी की कामयाबी मिली है।

बेलखरनाथ धाम ब्लाक के अंतर्गत सरखेलपुर गांव निवासी राम मूरत तिवारी का बेटा श्याम नारायण तिवारी ट्रक ड्राइवर है, उनके दो बेटे व एक बेटी है। उन्होंने बच्चों को शिक्षित करने के लिए दिन रात मेहनत किया जिससे बच्चे पढ़ लिखकर कुछ बन सके। श्याम नारायण तिवारी की मेहनत रंग लाई। बड़ा बेटा सूर्य मणि तिवारी व छोटा चंद्र मणि तिवारी ने एक साथ सीए यानी चार्टर्ड अकाउंटेंट परीक्षा पास किया, वहीं बेटी पिंकी तिवारी ने आईसीएस कंपनी सेक्रेटरी सर्विस परीक्षा पास कर परचम लहराया है। दोनों भाई व बहन की कामयाबी पर घर व गांव में खुशी की लहर है। हाईस्कूल व इंटर की शिक्षा दोनों भाइयों व बहन की जिले से हुई थी। उच्च शिक्षा के लिए यह लोग दिल्ली चले गए। एक साथ भाई व बहन की इस कामयाबी पर मां कुसुम तिवारी, दादी सुनीता तिवारी, प्रकाश नारायण तिवारी, हृदय नारायण तिवारी, विजय नारायण तिवारी, धीरज तिवारी व नीरज तिवारी सहित ग्रामीणों ने खुशी जताई है।

### मासूम के अपहरण मामले में पीड़ित मां ने एसपी से लगायी गुहार

**प्रतापगढ़।** लालगंज कोतवाली के एक गांव में साढ़े चार वर्ष की मासूम के अपहरण को लेकर दर्ज हुए मुकदमे से नाराज पीड़ित मां ने शुक्रवार को एसपी से मिलकर न्याय की गुहार लगायी है। एसपी ने न्याय का पूरा भरोसा पीड़िता को दिलाया है। लालगंज कोतवाली के एक गांव की पीड़िता ने एसपी को दिये गये शिकायती प्रार्थना पत्र में कहा है कि बीती तीन मार्च की शाम करीब साढ़े सात बजे गांव का ही आरोपी विकास वर्मा उर्फ जेलर पुत्र हरकेश वर्मा उसकी साढ़े चार वर्षीया पुत्री को बदनीयती से जबरन उठा ले गया। खोजबीन के दौरान पीड़ित मासूम को गांव की बाग में छोडकर भाग निकला। पीड़िता मां का आरोप है कि बाग में मासूम बदहवाश मिली। उसने रोते हुए आरोपी द्वारा कपड़ा उतार देने की बात भी कही। आरोप है कि प्रकरण में पुलिस ने समुचित घटना पर कार्रवाई न करते हुए सिर्फ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर दिया। इधर आरोपी मुकदमें में समझौता करने का दबाव बनाते हुए जानलेवा धमकी दे रहा है। पीड़िता ने एसपी से न्याय की गुहार लगायी है।

## व्यापारियों ने दुकान बंद कर जताया आक्रोश

अखंड भारत संदेश



**बेलखरनाथ धाम।** होली के दिन कुछ लोगों द्वारा मस्जिद में रंग फेकने को लेकर हुये दो समुदाय के बीच टकराव में पुलिस ने दो व्यापारियों का चालान कर जेल भेज दिया था, जिसके बाद शुक्रवार को व्यापारियों ने दुकान बंद कर पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए आक्रोश जताया।

बुधवार को होली के दिन कन्धई थाना क्षेत्र के कंधई हनुमानगंज बाजार में लोग होली खेल रहे थे, इसी दौरान सड़क के किनारे स्थित मस्जिद पर कुछ लोगों द्वारा रंग फेंक दिया गया था। जिस पर दूसरे वर्ग के लोग हंगामा करते हुये थाने पहुंच गये। मामले में मोहम्मद हफीज उर्फ शानू ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया, जिस पर पुलिस ने शीतला प्रसाद प्रजापति तथा आदर्श मोदनवाल को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत करते हुये जेल भेज दिया। जेल भेजे जाने के बाद शुक्रवार को व्यापारियों ने विरोध जताते हुये दुकानें बंद रखी। इस दौरान व्यापारियों का कहना है दो लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया था उन्हें जमकर मारा पीटा गया जिससे उन्हें चोटें आई है। मामले की शिकायत व्यापारियों ने एसपी से भी किया। बन्द के दौरान कुल भास्कर जायसवाल, आलोक मोदनवाल, प्रदीप हलवाई, संदीप हलवाई, शीतल प्रजापति, आदर्श मोदनवाल, रवि मोदनवाल राजू, प्रदीप, संदीप सहित बाजार के अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

## टीटीई का बेटा बना आइपीएस, गांव में जश्न का माहौल

### सिविल सेवा परीक्षा में आल इंडिया 153 रैंक लाकर बढ़ाया जिले का मान



**बेलखरनाथ धाम।** रेलवे में टीटीई पद पर कार्यरत नरेंद्र प्रताप सिंह का बेटा सिविल सेवा परीक्षा में 153 रैंक लाकर आईपीएस अफसर बन गया। उनकी कामयाबी पर इलाके में जश्न का माहौल है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के दोनई गांव निवासी यमुना प्रसाद सिंह का बेटा नरेंद्र प्रताप सिंह राजस्थान के सवाईमाधोपुर में रेलवे में टीटीई पद पर कार्यरत हैं। उनका इकलौता बेटा का माधवेन्द्र प्रताप सिंह आईआईटी खड़गपुर से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बीटेक किया है। इसके बाद वह सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी में जुट गए। शुक्रवार को सिविल सेवा परीक्षा का रिजल्ट घोषित हुआ जिसमें माधवेन्द्र प्रताप सिंह ने आल इंडिया रैंक 153 लाकर आईपीएस बनकर जिले का नाम रोशन कर दिया। उनकी इस कामयाबी पर आलोक कुमार सिंह, दीपक सिंह, धर्मेन्द्र मिश्रा संदीप सिंह, कुलदीप सिंह,जय प्रकाश दुबे, संतोष मिश्रा, धर्मेन्द्र सिंह ने खुशी जताई है।

## आईपीएल में चयनित युवा क्रिकेटर कृष्णा सरोज के परिजनों को मिला सम्मान

### सामाजिक कार्यकर्ता व पत्रकार चन्दन सिंह ने मुंह मीठा कराकर दी बधाई



**कुंडा।** तहसील क्षेत्र के बिहार विकासखंड के कोर्रही ग्रामसभा के होनहार युवा क्रिकेटर कृष्णा सरोज के आईपीएल में चयन होने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। इसी क्रम में सामाजिक कार्यकर्ता व पत्रकार चन्दन सिंह ने कृष्णा सरोज के घर पहुंचकर उनके परिजनों को मुंह मीठा कराकर बधाई दी तथा अंगवस्त्र और उपहार भेंट कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर चन्दन सिंह ने कहा कि प्रतिभा कभी भी किसी पहचान की मोहताज नहीं होती, वह अपनी मेहनत और लगन के बल पर स्वयं अपनी पहचान बना लेती है। कृष्णा सरोज का आईपीएल में चयन न केवल क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणादायक है, बल्कि पूरे जनपद के लिए गर्व और सम्मान की बात है। बताया जाता है कि रणजी ट्रॉफी में बेहतर प्रदर्शन के बाद कृष्णा सरोज का चयन आईपीएल में किंग्स इलेवन पंजाब टीम के लिए नेट बॉलर के रूप में हुआ है। सीमित संसाधनों के बावजूद कृष्णा ने कड़ी मेहनत और लगन के दम पर यह मुकाम हासिल किया। कृष्णा की इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि ऐसे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं और सहयोग मिले, तो वे देश और प्रदेश का नाम रोशन कर सकते हैं।

# सांसद की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सम्पन्न

अखंड भारत संदेश




**कौशांबी।** सांसद पुष्पेंद्र सरोज की अध्यक्षता में उदयन सभागार में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सम्पन्न हुई। सांसद ने गत बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की स्थिति की समीक्षा के दौरान सभी अधिकारियों से कहा कि विभागीय योजनाओं में लक्ष्य सापेक्ष प्रगति लाई जाय। जनहित के कार्यो को प्राथमिकता के आधार पर कराई जाय। उन्होंने प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना की समीक्षा के दौरान कहा कि जिला खनिज फाउंडेशन न्यास निधि की बैठक शीघ्र आहूत किया जाय एवं बैठक में जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाय। उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की समीक्षा के दौरान कहा कि निर्माणाधीन सड़कों का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराए जाए। सांसद ने राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी,जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी व जिला प्रोबेशन अधिकारी से कहा कि कैम्प लगाकर प्रचार-प्रसार कराते हुए पेंशन योजना के लाभ से वंचित रह गए लोगों को लाभान्वित किया जाय। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा के दौरान परियोजना अधिकारी ने कहा कि जनपद में आवास प्लस सर्वेक्षण के अंतर्गत 56202 लोगों को चिन्हित किया गया है व शासन से धनराशि प्राप्त होते ही पात्र लोगों को लाभान्वित किया जाएगा, जिस पर मा.सांसद ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि आवास का लाभ दिलाने के नाम पर किसी व्यक्ति से पैसे लेने की शिकायत न प्राप्त होने पाए।सांसद ने राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अन्तर्गत एकीकृत धान विकास कार्यक्रम, किसान पाठशाला, सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन व खेत तालाब योजना आदि की समीक्षा के दौरान उप कृषि निदेशक से कहा कि विभागीय योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए,ताकि अधिक से अधिक किसान लाभान्वित हो सके। उन्होंने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना की समीक्षा के दौरान कहा कि इस योजना के अंतर्गत किए गए कार्यक्रमों का विवरण,उन्हें उपलब्ध कराई जाय। उन्होंने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की समीक्षा के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी से कहा कि वह सुनिश्चित किया जाय कि सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक समय से उपस्थित होकर मरीजों को सांसद ने सहायक अभियंता जल निगम से कहा कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाइपलाइन बिछाने के दौरान तोड़ी गई सड़कों को शीघ्र मोटरेबल करा दिया जाए। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक को राजकीय विद्यालय, पिंडरा सहावनपुर में विद्युतीकरण का कार्य कराए जाने के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना की समीक्षा के दौरान कहा कि ट्रिपल आर. योजना के अंतर्गत लाभार्थियों का चयन कर प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया जाए,जिससे आमजन को लाभ मिल सके। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी से कहा कि अवशेष रह गये पात्र लोगों को व्यक्तिगत शौचालय से लाभान्वित किया जाए एवं सामुदायिक शौचालयों की क्रियाशीलता सुनिश्चित करा लिया जाए बैठक में सुकन्या समृद्धि योजना की समीक्षा के दौरान एल.डी.एम. ने कहा कि जनपद में 25104 लाभार्थी है, जिस पर सांसद ने कहा कि इस योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए,ताकि अधिक से अधिक लाभान्वित हो सके। उप कृषि निदेशक ने बताया कि परम्परागत कृषि विकास योजना के अंतर्गत भौतिक लक्ष्य 1000 एकड़ के सापेक्ष शत-प्रतिशत प्रगति एवं 16000 मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत प्रगति पूर्ण कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि किसान कॉल सेंटर के माध्यम से कृषक टोल फ्री नंबर 1551 पर दूरभाष द्वारा कृषि से संबंधित समस्याओं के निदान की जानकारी कृषि विशेषज्ञों से प्राप्त कर सकते है। बैठक में बताया गया कि उत्तर प्रदेश अटल भूजल योजना के अंतर्गत जनपद के क्रिटिकल एवं अतिदोहित विकासखंड चायल व मूरतगंज, प्रत्येक में 650 वर्ग मीटर रूफटॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली एवं एक-एक मध्यम गहरे पीजोमीटर का निर्माण कार्य प्रगति पर है। जिला पंचायतराज अधिकारी ने कहा कि समस्त ग्राम पंचायत सचिवालय में सी.एस.सी. केंद्र संचालन के लिए, विभिन्न माध्यमों तथा वाई-फाई उपकरण से इंटरनेट को एक्सेस करते हुए जनसेवा केंद्र की सुविधाओं से आमजन को लाभान्वित किया जा रहा है। बैठक में नमामि गंगे की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिला गंगा समिति द्वारा स्वच्छता अभियान, घाट की साफ-सफाई, गंगा शपथ, गंगा आरती व स्कूल कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। बैठक में प्रधानमंत्री जन-आरोग्य योजना की समीक्षा के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि 30 अप्रैल,2026 तक शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य पूर्ण करा लिया जाएगा बैठक में विधायक सिराथू पल्लवी पटेल, प्रतिनिधि अध्यक्ष जिला पंचायत जितेन्द्र सोनकर, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मंझनपुर वीरेन्द्र फौजी व भरवारी कविता पासी, अध्यक्ष नगर पंचायत दारानगर रागिनी केसरवानी एवं प्रतिनिधि ब्लॉक प्रमुख सिराथू लवकुश मौर्य, मंझनपुर हुबलाल दिवाकर प्रदीप चौधरी सहित अन्य सदस्यगण तथा जिलाधिकारी डॉ0 अमित पाल एवं पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार व मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## दजनों गाँव में बिजली सप्लाई नही ग्रामीण परेशान

**कौशाम्बी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के उपकेंद्र बालक मऊ पावर हॉउस मे रोस्टिंग के टाइम से ओवर टाइम होने के बाद भी बिजली की आपूर्ति नहीं होती है ना बिजली विभाग द्वारा ग्रुप मे मेसेज भी नहीं डाला जाता है जिसमे ग्रामीणों को शाम टाइम पानी पीने की समस्या होती है बिजली विभाग की बड़ी लापरवाही से बम्हरौली सहित कई गाँव की बिजली सप्लाई प्रभावित होती है बिजली कटौती से आम जनता परेशान है लेकिन विभाग के अधिकारी मौज कर रहे है।

## युवती के साथ हुई मारपीट का मुकदमा दर्ज

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली के ग्राम सभा भैराये में एक महिला ने अपने पौती के साथ हुई मारपीट ,गाली गलौज और जान से मारने की धमकी का आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। महिला श्रीमती पत्नी शिवभान ने गुरुवार को कोतवाली सैनी में तहरीर देकर आरोप लगाया पुरानी रंजिश में गांव के ही मोहन लाल ,सुमेर कुमार पुत्र गण स्व. चंद्रभान ने बेल्ट से मारा पीट कर जान से मारने की धमकी दी है कोतवाली पुलिस ने युवती का मेडिकल करवाकर संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करवा कर छानबीन में जुट गई है।

## डॉ. बी.आर. अंबेडकर स्मार्ट लाइब्रेरी का सांसद ने किया उद्घाटन

### स्मार्ट लाइब्रेरी के खुलने से युवाओं को मिलेगा आधुनिक अध्ययन केंद्र : सांसद पुष्पेन्द्र सरोज



**अझुवा कौशाम्बी** आदर्श नगर पंचायत अझुवा में शुक्रवार को डॉ. बी.आर. अंबेडकर स्मार्ट लाइब्रेरी का भव्य उद्घाटन संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कौशांबी के सांसद पुष्पेंद्र सरोज ने संयुक्त रूप से फीता काटकर लाइब्रेरी का उद्घाटन किया। यह लाइब्रेरी संगम फाउंडेशन और वेक अप एंग्रेस्टर के सहयोग से स्थापित की गई है, जिसका उद्देश्य जनपद के विद्यार्थियों और युवाओं को आधुनिक एवं प्रेरणादायक अध्ययन वातावरण उपलब्ध कराना है। इस स्मार्ट लाइब्रेरी में लगभग 50 विद्यार्थियों के बैठने की क्षमता है और इसे डिजिटल सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है। यहां विद्यार्थियों को शांत और व्यवस्थित माहौल में पढ़ाई करने के साथ-साथ एस एस सी, बैंक तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए मार्गदर्शन भी उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अतिरिक्त डिजिटल संसाधनों, ऑनलाइन अध्ययन सामग्री और समय-समय पर करियर काउंसलिंग एवं शैक्षिक वर्कशॉप की भी व्यवस्था की जाएगी। उद्घाटन के दौरान सांसद पुष्पेंद्र सरोज ने कहा कि कौशांबी के युवाओं में अपार प्रतिभा है और यदि उन्हें सही संसाधन और माहौल मिले तो वे देश और समाज में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। उन्होंने बताया कि यह लाइब्रेरी कौशांबी में स्थापित होने वाली कई लाइब्रेरियों के नेटवर्क की पहली कड़ी है, जिससे जिले के अधिक से अधिक विद्यार्थियों को लाभ मिल सकेगा। कार्यक्रम में सपा विधानसभा अध्यक्ष शाहनवाज अहमद, आनंद मोहन पटेल,दौलत राम पंडा ज्ञानदत्त यादव फैसल हसन,सहित क्षेत्र के कई समाजसेवी,जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल को शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए इसकी सराहना की।यह लाइब्रेरी आने वाले समय में कौशांबी के युवाओं के लिए एक मॉडल अध्ययन केंद्र के रूप में विकसित होगी,जहां उन्हें आधुनिक सुविधाओं के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का अवसर मिलेगा।सेंटर का संचालन सैफ रहमान ,वसीम अहमद करेंगे।

# पत्नी से विवाद के बाद अधेड़ ने फांसी लगाकर किया आत्महत्या

अखंड भारत संदेश



**करारी कौशाम्बी** करारी थाना क्षेत्र में पत्नी से विवाद के बाद पत्नी के मायके चले जाने से अधेड़ परेशान रहने लगा था और इसी पारिवारिक कलह से परेशान अधेड़ ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी,घटना से पूरे परिवार में कोहराम मच गया। अधेड़ के मौत की जानकारी मिलते ही मौके पर गांव के लोगों की भीड़ लग गई है मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई है घटना की सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुटी हुई है। जानकारी के मुताबिक करारी थाना क्षेत्र के चक सैय्यद अलीपुर निवासी परशु लाल उम्र 45 वर्ष पुत्र जवाहर लाल अपने परिवार के साथ रहते थे। उनके परिवार में एक बेटा और चार बेटियां हैं। इनमें से एक बेटी की शादी हो चुकी है,जबकि तीन बेटियों की जिम्मेदारी अभी भी उनके सिर पर थी। बताया जा रहा है कि परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर थी और कर्ज.को लेकर घर में अक्सर विवाद होता रहता था।इसी पारिवारिक विवाद के चलते उनकी पत्नी कुछ समय पहले अपने मायके अरई गांव थाना चरवा चली गई थी। पत्नी के मायके जाने के बाद परशु लाल काफी मानसिक तनाव में रहने लगे थे। बताया जाता है कि इसी तनाव के चलते उन्होंने घर की छत पर लगे चुल्ले में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है घटना की सूचना मिलते ही करारी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले के अन्य पहलुओं को भी ध्यान में रखते हुए जांच में जुटी हुई है।

## फंदे पर मिला बालिका का शव



**कौशांबी।** मोहब्बतपुर पाइंसा थाना क्षेत्र के कुंद्रावरी निवासी निशा सोनकर उम्र 15 वर्ष पुत्री राजेंद्र सोनकर का शुक्रवार की रात 8 बजे घर के भीतर फंदे पर लटका हुआ शव मिला है बालिका का शव घर में मिलने के बाद परिवार में हड़कंप मच गया है मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई है सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने बालिका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है बताया जाता है कि मृतक बालिका कक्षा 8 में पढ़ाई करती थी बालिका की मौत किन परिस्थितियों में हुई यह पुलिस की जांच का विषय है।

## न्यूज झरोखा

### शुद्ध पानी की जद्दो जहद में जूझते मोहल्ले वासी



**अझुवा कौशाम्बी।** आदर्श नगर पंचायत अझुवा वार्ड नंबर 4 रसूलपुर मडिया में काशीराम कॉलोनी के एक मोहल्ला के लोग शुद्ध पीने के पानी के लिए सुबह से ही जद्दो जहद में जुट जाते हैं। उस मोहल्ले के आनंदी ने बताया काशीराम कॉलोनी के समीप ननकू के घर के सामने लगा हैंडपंप का पानी खारा (नमकीन)होने के कारण पीने के पानी के लिए घर से करीब 100 मीटर दूर से पीने के लिए पानी लाना पड़ता है। इसी तरह इसी वार्ड के काशीराम कॉलोनी के सामने हैंड पंप के पास भीषण गंदगी है।पानी भरते समय लोग बदबू से परेशान हो जाते हैं। मुहल्ले के ननकू ने बताया हैंडपंप के चारों ओर बने गड्ढों में बदबूदार पानी भर होने से मच्छर जनित बीमारी फैलने की भी आशंका है जिसकी शिकायत नगर पंचायत में कई बार की गई है लेकिन नगर पंचायत के जिम्मेदार मौन बैठे हुए हैं।

### एसपी ने की जनसुनवाई, समस्याओं का किया गया निस्तारण



**कौशाम्बी।** पुलिस कार्यालय में पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार द्वारा आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु जनसुनवाई का आयोजन किया गया।जनसुनवाई के दौरान विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए फरियादियों की शिकायतों को गंभीरतापूर्वक एवं संवेदनशीलता के साथ सुना गया। प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर संबंधित अधिकारियों/थाना प्रभारियों को निष्पक्ष, समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए। इसी क्रम में जनसुनवाई के दौरान फरियादीयों के साथ आए छोटे-छोटे बच्चों को पुलिस अधीक्षक द्वारा बच्चों को चॉकलेट देकर कर मानवीय संवेदनशीलता एवं सहृदयता का परिचय दिया गया पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि प्रत्येक शिकायत का प्राथमिकता के आधार पर विधिक एवं पारदर्शी ढंग से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, जिससे पीड़ितों को शीघ्र न्याय मिल सके तथा पुलिस-जन संवाद और अधिक मजबूत हो। कौशाम्बी पुलिस आमजन की सेवा, सुरक्षा एवं सहयोग हेतु सदैव प्रतिबद्ध है।

### पुलिस अधीक्षक ने 'ऑनलाइन संवाद' के जरिए सुनी फरियादियों की समस्याएं, तकनीक का समावेश



**कौशांबी।** जिले में फरियादियों की समस्याओं के त्वरित, प्रभावी एवं पारदर्शी निस्तारण को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार द्वारा एक अभिनव एवं सराहनीय पहल की जा रही है। इसी क्रम में जनपद के विभिन्न थानों पर उपस्थित फरियादियों की शिकायतों एवं समस्याओं के संबंध में पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित क्षेत्राधिकारी एवं प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों से ऑनलाइन माध्यम से संवाद स्थापित किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक द्वारा यह भी सुनिश्चित किया गया हैं। कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण नियमानुसार एवं पारदर्शी प्रक्रिया के तहत हो, ताकि फरियादियों को अनावश्यक रूप से बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें तथा उन्हें समय पर न्याय मिल सके। तकनीक के इस प्रयोग से न केवल पुलिसिंग में पारदर्शिता आई है।

**सीओ सिराथू ने जनसुनवाई कर सुनी समस्याएं : कौशांबी।** क्षेत्राधिकारी सिराथू द्वारा सर्किल कार्यालय सिराथू में जनसुनवाई कर आमजन की समस्याओं को सुना गया। इस दौरान प्राप्त प्रार्थना पत्रों को संज्ञान में लेते हुए संबंधित प्रभारियों को त्वरित एवं निष्पक्ष कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

### बढ़ते अपराध पर अंकुश विहीन चौकी पुलिस अब खबर लिखने की नसीहत दे रहा है सिपाही

**कौशांबी।** होली के त्योहार पर पिपरी थाना क्षेत्र के लोधउर पुलिस चौकी के अंतर्गत रसूलपुर ब्यूर गांव में दबंगों ने कमजोर लाचार पीड़ित सूरज भान उसकी पत्नी सहित बेटे पर हमला करके खून की होली खेली है इस हमले में दंपति सहित बेटे घायल हुए हैं सूरज भान पर यह पहला हमला नहीं है इसके पहले भी दो बार सूरजभान और उनके परिवार पर प्राण घातक हमले हो चुके हैं चौकी के सिपाही हमला करने वाले से धन वसूली करते हैं और चौकी पुलिस क्षेत्र में होने वाली अपराधिक घटनाओं से पुलिस अधिकारियों को गुमराह करते हैं जिससे आम जनता परेशान है होली के त्योहार पर तीसरी बार भी सूरजभान पर उन्हीं दबंगों द्वारा प्राण घातक हमला किया गया है हमले में परिवार के तीन लोग घायल है जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है होली के त्योहार पर खून की होली खेले जाने के मामले में सत्य समाचार लिखने के बाद पुलिस चौकी का सिपाही गंगा सबसे ज्यादा परेशान हो गया है और वह खबर लिखने वाले पत्रकार को खबर लिखने के बारे में नसीहत दे रहा है खबर चलाए जाने के बाद पीड़ित परिवार की मदद करना और दबंग पर कार्यवाही करके उनकी गिरफ्तार करके दबंग को जेल भेजने में चौकी पुलिस की दिलचस्पी नहीं दिखाई पड़ रही है बल्कि खबर रुक जाए अधिकारियों तक अपराध की घटनाओ के सत्यता की जानकारी ना पहुंचे जिससे इलाके में होने वाली तमाम बड़ी घटनाओं की जानकारी से पुलिस अधिकारी अनभिज्ञ बने रहे और चौकी पुलिस मनमानी सामंतवादी तरीके से इलाके में कानून व्यवस्था का संचालन करें अपराधियों से प्यार दुलार करें और पीड़ितों को प्रताड़ित करें चौकी पुलिस के मनमानी उजागर होने से चौकी के सिपाही परेशान दिखाई पड़ रहे हैं चौकी का सिपाही खबर लिखने के बाद पत्रकारों को नसीहत देने लगा है तो फिर सवाल उठता है कि घटनाएं होने के बाद चौकी के सिपाहियों से पूछ कर क्या खबर लिखी जाएगी या हकीकत लिखकर पुलिस अधिकारियों का अवगत कराया जाएगा घटनाओं की हकीकत लिखने में भी सिपाहियों से पूछने पड़ेंगे यह सवाल खड़ा हो रहा है।

### वारण्टी दो सगे भाइयों को कोखराज पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कोखराज कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये गये अभियान के क्रम में थाना कोखराज पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 112/83 धारा 302/34 व 307/34 भादवि से सम्बन्धित 02 वारण्टी अभियुक्तों सुरेशचन्द्र पटेल उर्फ ननका वा राकेश चन्द्र उर्फ लल्लू पुत्रगण राम सजीवन निवासी ग्राम सैदलीपुर थाना कोखराज को गिरफ्तार किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को न्यायालय भेजा गया।

# चोरी की घटनाओं का अनवरण करते हुए करारी पुलिस ने अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**कौशांबी।** करारी थाना क्षेत्र में 21 फरवरी को भैयालाल पुत्र सुन्दरलाल निवासी चक सैय्यद अलीपुर थाना करारी द्वारा सूचना दी गयी थी कि ग्राम अमुरा में मेरी समरसेबल लगा हुआ हैं। जिसमें दिनांक 18/19.02.2026 की रात्रि में अज्ञात चोरों द्वारा स्टार्टर चोरी कर लिया गया है तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 39/2026 धारा 331(4)/305(ए) बीएनएस पंजीकृत हुआ एवं दिनांक 19.12.2025 को थाना करारी पर वादिनी कुशुम देवी पत्नी राम सुरेमन दिवकर निवासी भैला मकदूमपुर थाना करारी द्वारा सूचना दी गयी थी कि अज्ञात चोरो द्वारा दिनांक 17.12.2025 की रात्रि में अज्ञात चोरो द्वारा मेरे घर में घुसकर बक्से से सोने व चांदी के जेवर चोरी कर लिये गये है तहरीर के आधार पर थाना करारी पर 409/25 धारा 331(4)/305(ए) बीएनएस पंजीकृत हुआ। उपरोक्त क्रम में आसपास के लोगों से पूछताछ व सीसीटीवी/सर्विलांस की मदद से घटना के अनावरण एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु लगातार प्रयास किया जा रहा था कि इसी दौरान दिनांक 06.03.2026 को थाना करारी पुलिस ने मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित प्रकाश में आए वांछित अभियुक्त समइया उर्फ सरवन पुत्र कन्हई सरोज निवासी ग्राम गुवारा तैयबपुर थाना करारी को गिरफ्तार किया अभियुक्त के कब्जे से चोरी का समान बेचकर प्राप्त रूपयों में से बचे हुए 1550 रूपये बरामद किया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया हैं।गिरफ्तार अभियुक्त से कड़ाई से पूछताछ करने पर बताया गया कि मैंने अपने 03 अन्य साथियों के साथ मिलकर दिनाक 17.12.2025 की रात्रि में ग्राम भैला मकदूमपुर के एक घर में ताला तोडकर बक्से मे से जेवरात चोरी किये थे वहाँ से मिले चाँदी की पायल, एक जोड़ी मीना चांदी का, नाक की नथिया ( सोने ), को आते जाते राहगीरों को बेच दिया था जिससे मिले कुल 18000 /- रूपये मे से मेरे हिस्से में 4500 /- रूपये आये थे तथा दिनांक 18/19.02.26 की रात में अमुरा गांव के बाहर बाग में ट्यूबवेल में उसके छत पर लगी जालीनुमा सरिया को हटाकर अन्दर घुसकर समरसेबल का स्टार्टर चोरी किया था जिसे मैंने अगले दिन एक अनजान कबाडी को 1600 रुपये में बेंच दिया था । उपरोक्त प्राप्त रूपयों में से 1550 रू0 बचा हैं। शेष रूपये खर्च हो गये हैं।

## आमने सामने से दो बाइक भिड़ी बाइक सवार, तीन घायल

**हर्रायपुर कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मूरतगंज पुलिस चौकी अंतर्गत भीखमपुर मोड़ के पास शुक्रवार शाम छः बजे दो बाइक सवार आपस मे टकरा गए हैं दुर्घटना की सूचना राहगीरों ने मूरतगंज चौकी पुलिस को दिया जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस ने पहुंच कर एम्बुलेंस की मदद से घायलों को मूरतगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में भती कराया जहाँ एक व्यक्ति की हालत गंभीर होने के वजह से जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार धर्मेंद्र पुत्र कुलिदीन निवासी जीवनगंज व अमर लाल निवासी रसूलपुर काजी व अनूपा पुत्री अमरलाल की बाइक की आमने सामने से टक्कर होने के वजह से तीनों लोग घायल हो गये है स्थानीय लोगों ने मूरतगंज चौकी पुलिस को सूचना दिया सूचना मिलते ही मौके पर स्थानीय पुलिस ने पहुंच कर घायलों को एम्बुलेंस की मदद से मूरतगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भती कराया जहां एक की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है घटना की जानकारी मिलने के बाद परिवार के लोग भी पहुंच गए हैं।

## नाली के विवाद में पुलिस पर मारपीट का आरोप लगा ग्रामीणों ने पुलिस चौकी का किया घेराव

### भारी में पुलिस फोर्स के साथ सीओ मौके पर



**हररायपुर कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मूरतगंज में नाली के विवाद में पुलिस पर मारपीट का आरोप लगाकर ग्रामीणों ने पुलिस चौकी का घेराव कर दिया,पुलिस चौकी के घेराव की सूचना पर भारी मात्रा में पुलिस फोर्स के साथ सीओ मौके पर पहुंचे और मामला सुलझाने में जुटे हुए है। चौकी पुलिस के रवैया से ग्रामीणों में जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है जानकारी के मुताबिक संदीपन घाट थाना क्षेत्र के चिटकहना मूरतगंज में कई महीने से चल रहे एक नाली के विवाद को सुलझाने पहुंची पुलिस टीम पर ग्रामीणों ने मारपीट का आरोप लगाया है,पुलिस की मारपीट से आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस टीम का घेराव कर दिया,अपने को घिरा देख पुलिस टीम ने संदीपन घाट थाना पुलिस को सूचना दी,सूचना पर पुलिस पहुंची तो ग्रामीणों ने विरोध करना शुरू कर दिया।पुलिस की कायर्शैली से नाराज ग्रामीणों ने मूरतगंज पुलिस चौकी का घेराव कर दिया,घेराव की सूचना पर सीओ चायल अभिषेक सिंह भी मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने में जुटे हुए है। पुलिस चौकी के बाहर भारी संख्या में लोगों की भीड़ मौजूद है जो आक्रोशित है।

## शांति व्यवस्था भंग करने वाले 04 अभियुक्तों को महेवाघाट पुलिस ने किया गिरफ्तार

**महेवाघाट कौशांबी।** महेवाघाट थाना पर 04 03 2026 को सूचना प्राप्त हुयी कि ग्राम लौगावां मे अमरनाथ मिश्रा पुत्र सोनेलाल मिश्रा नि0 ग्राम लौगावां अपने पास तमंचा व कारतूस लेकर गांव मे घूम-घूमकर कर लोगों को डरा धमका रहा है । सूचना पर तत्काल चौकी प्रभारी हिनौता मय पुलिस बल के साथ ग्राम लौगावां पहुंचे तथा अमरनाथ मिश्रा पुत्र सोनेलाल मिश्रा निवासी ग्राम लौगावां थाना महेवाघाट को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही थी कि गांव के कई लोग पुलिस अभिरक्षा से छुड़ाने के लिए सामूहिक रूप से पुलिस वालों को गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देते हुए अपने हाथों मे लाठी डण्डा लेकर,एकराय होकर पकड़े गये अभियुक्त अमरनाथ मिश्रा को पुलिस अभिरक्षा से छुड़ाने लगे। जिससे अमरनाथ उपरोक्त मौके से भाग गया । चौकी प्रभारी हिनौता से प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मु.अ.सं. 42/26 धारा 121,132,191 (2),191 (3),3(5) ,352,351(3) बीएनएस व 7 सीएल एक्ट व 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत हुआ। उपरोक्त क्रम में थाना महेवाघाट पुलिस ने मौके पर आवश्यक कार्यवाही की जा रही थी कि 50 से अधिक लोगों द्वारा पुलिस टीम के साथ आक्रोशित होते हुए ईट पत्थर चलाने व मारपीट करने लगें जिससे पुलिस बल को चोटे आ गई इस घटना की सूचना उच्चाधिकारीगण को दी गयी तो थाने से अतिरिक्त पुलिस बल मौके पर आ गई । पुलिस टीम द्वारा मौजूद उपद्रवी भीड़ को ललकारते हुए मौके से हट जाने के लिए कहा गया,लेकिन 04 व्यक्ति मौके से नही हटे और पुलिस के विरोध मे दुस्साहसपूर्वक अपशब्द बोल रहे थे,जिनको मौजूद पुलिस बल की मदद से हिरासत में लिया गया । नाम पता पूछा गया तो अपना नाम 1. अशोक कुमार मिश्रा पुत्र सोनेलाल मिश्रा उम्र करीब 49 वर्ष 2. दीपू सिंह पुत्र झूड़ी उर्फ किशनपाल उम्र करीब 28 वर्ष 3. प्रिंस मिश्रा पुत्र अशोक कुमार मिश्रा उम्र करीब 20 वर्ष 4. बाबूलाल पुत्र पंचमलाल उम्र करीब 24 वर्ष समस्त नि0 गण ग्राम लौगावां थाना महेवाघाट बताया गया अभियुक्त अमरनाथ मिश्रा पुत्र सोनेलाल मिश्रा नि0 ग्राम लौगावां थाना महेवाघाट के कब्जे से एक तमंचा व 05 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ विधिक कार्यवाही के पश्चात गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायालय भेज दिया हैं।

# ईओ के निलंबन की संस्तुति के बाद निदेशक ने बख्शीश में दे दिया दूसरी नगर पंचायत का अतिरिक्त प्रभार

**कौशांबी।** डीएम ने ईओ चरवा को निलंबित करने की संस्तुति 9 महीने पहले निदेशक नगर निकाय से की थी लेकिन नगर निकाय के निदेशक ने डीएम के पत्र के बाद निलंबित करने के बजाय ईओ को बख्शीश में दूसरी नगर पंचायत का अतिरिक्त प्रभार दे दिया है जिससे नगर निकाय के निदेशक के कार्यों पर भी बड़े सवाल खड़े हो गए हैं नगर निकाय निदेशालय लखनऊ के निदेशक किस तरह से योगी सरकार के भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था को पलीता लगाकर नगर निकाय निदेशालय के निदेशक खुद भ्रष्टाचार में शामिल दिखाई पड़ रहे है इसका जीता जागता उदाहरण कौशांबी जनपद के नगर पंचायत चरवा के अधिशासी अधिकारी सुभाष चंद्र सिंह के भ्रष्टाचार के मामले से देखा जा सकता है नगर पंचायत चरवा के अधिशासी अधिकारी सुभाष चंद्र सिंह पर विकास योजनाओ में धांधली करके अपने भाई और रिश्तेदारों के फर्म को टेंडर ठेका देकर के करोड़ों की रकम निकाल लिए जाने का गंभीर आरोप लगा इसके साथ-साथ नगर क्षेत्र में कराए गए विकास कार्यों में मानक की धज्जियां उड़ाकर घटिया क्वालिटी का निर्माण कर ठेकेदारों से कमीशन वसूली का आरोप भी अधिशासी अधिकारी चरवा पर लगा शिकायत जिला अधिकारी से हुई जिलाधिकारी ने मामले की जांच कराई जांच में भ्रष्टाचार वित्तीय अनियमितता की पुष्टि हुई जांच के दौरान अधिशासी अधिकारी चरवा सुभाष चंद्र सिंह भ्रष्टाचार के दोषी साबित हुए जिस पर जिलाधिकारी ने 9 महीने पहले नगर नगर निकाय निदेशालय लखनऊ के निदेशक को पत्र भेजकर अधिशासी अधिकारी चरवा सुभाष चंद्र सिंह को निलंबित करने की संस्तुति की लेकिन जिलाधिकारी द्वारा पत्र भेजे जाने के 9 महीने बाद भी अधिशासी अधिकारी चरवा को निदेशक द्वारा निलंबित नहीं किया गया है भ्रष्टाचार के दोषी अधिशासी अधिकारी को बर्खास्त कर दिया जाना चाहिए।

**नगर पंचायत और नगर पालिका के विकास के नाम पर करोड़ों की रकम कमीशन में अधिकारियों की तिजोरी तक पहुंच रही है**

**नगर पंचायत और नगर पालिकाओं के विकास कार्यों में 30 प्रतिशत हिस्सा भी विकास योजना में नहीं हो रहा है**




निदेशालय की अंधेरगदी की हद तो तब हो गई जब जिलाधिकारी द्वारा निलंबन किए जाने की संस्तुति किए जाने के बाद भ्रष्टाचार में शामिल अधिशासी अधिकारी सुभाष चंद्र सिंह को नगर पंचायत सराय अकिल का अतिरिक्त दायित्व सौंप दिया गया निलंबन की संस्तुति किए जाने के बाद अधिशासी अधिकारी चरवा को दूसरी नगर पंचायत सराय अकिल का भी अतिरिक्त प्रभार दिए जाने के बाद निदेशक नगर निकाय निदेशालय लखनऊ के कार्यों पर भी बड़े सवाल खड़े हो गए हैं कि जिनके कार्यकाल में करोड़ों में घोटाले हुए हैं उसे निलंबित करने की संस्तुति डीएम कौशांबी द्वारा 9 महीने पहले की गई भ्रष्टाचार मुक्त सरकार में भ्रष्टाचार करने वाले अधिशासी अधिकारी को बर्खास्त कर दिया जाना चाहिए लेकिन ईओ को निलंबित करना तो दूर की बात रही उसे बख्शीश में एक और नगर पंचायत की जिम्मेदारी दे कर करोड़ों की रकम का खजाना शॉप दिया गया चर्चाओं पर जाए तो एक नगर पंचायत के कमीशन और भ्रष्टाचार की रकम अधिशासी अधिकारी चरवा के हिस्से में शामिल होगी और दूसरे नगर पंचायत के भ्रष्टाचार और धांधली की रकम के हिस्सेदार निदेशालय होगी योगी सरकार भ्रष्टाचार मुक्त की बात कर रही है और उनके कार्यकाल में लखनऊ जैसे राजधानी में बैठे नगर निकाय के निदेशक इस कदर भ्रष्टाचार में शामिल है कि पूरे प्रदेश की नगर पंचायत और नगर पालिका में भ्रष्टाचार चरम पर व्याप्त है सूत्रों की माने तो 30 प्रतिशत हिस्सा भी विकास योजना में नहीं खर्च हो रहा है विकास कराए जाने के लिए शासन से भेजे जाने वाली करोड़ों की रकम में अधिशासी अधिकारियों की भ्रष्ट नजर लगी हुई है जो जांच के बाद लगातार प्रमाणित भी हो रही है कि अधिशासी अधिकारी कमीशन और खुद ठेकेदारी करने के चक्कर में सरकारी रकम हड़प रहे है औपचारिकता निभाने के लिए केवल मानक विहीन विकास कार्य कराए जाते हैं नगर पंचायत और नगर पालिका के विकास के नाम पर करोड़ों की रकम कमीशन में अधिकारियों की तिजोरी तक पहुंच रही है ईओ को निलंबित किए जाने की संस्तुति किए जाने के बाद अधिशासी अधिकारी को अतिरिक्त प्रभाव नगर पंचायत सराय अकिल का दिए जाने का यह मामला बेहद गंभीर है और इस मामले में यदि योगी सरकार ने उच्च स्तरीय जांच कराई तो अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत चरवा सुभाष चंद्र सिंह की जहां मुसीबत बढ़ेगी वहीं नगर निकाय निदेशालय के निदेशक के भी भ्रष्ट करनामें उजागर होंगे और उन्हें भी दंड मिल सकता है लेकिन क्या योगी सरकार में भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था की बात केवल माइक मंच और भाषण बाजी तक सीमित रहेगी या फिर भ्रष्टाचार में शामिल लोगों को कठोर दंड देकर भ्रष्टाचार मुक्त सरकार की मनसा को योगी सरकार के अधिकारी सफल करेंगे यह पूरी व्यवस्थाओं पर बड़ा सवाल खड़ा है।

# सम्पादकीय

## वैश्विक व्यवस्था पर बड़ा खतरा

**ईरान** के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह अली खामनेई की शनिवार को हत्या के बाद अब वैश्विक व्यवस्था बदलने का खतरा कई गुना बढ़ गया है। ईरान पर इजरायल और अमेरिका ने मिलकर शनिवार सुबह-सुबह हमला किया और इसे अपने बचाव के लिए किया गया हमला बताया। हालांकि यह खोखले बहाने से ज्यादा कुछ नहीं है। असल बात यह है कि इजरायल और अमेरिका लंबे अरसे से ईरान पर हमले की योजना बना रहे थे। पिछले साल जून में किए हमले का तगड़ा जवाब ईरान ने दिया था। तब भी खामनेई को मारने की कोशिश की गई थी, हालांकि इसमें उसे सफलता नहीं मिली थी। जून के बाद ईरान को आर्थिक नुकसान हुआ था। इसके बाद इस साल की शुरूआत में ईरान में बड़े पैमाने पर प्रदर्शन हुए, जिसकी वजह से आंतरिक तौर पर भी कमजोरी आई। अब इजरायल और अमेरिका ने इसी बात का फायदा उठाया। बहाना हमेशा की तरह आतंकवाद और परमाणु बम बनाने का खतरा रहा है। हालांकि अमेरिका अब तक यह साबित नहीं कर पाया है कि ईरान ने परमाणु हथियार बनाए हैं। क्योंकि परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम को ईरान ने हमेशा नागरिक हितों के उद्देश्य के लिए बताया है। लेकिन यह अमेरिका की मर्जी है कि वह किसी देश की बात सुने या न सुने। तो उसने ईरान की नहीं सुनी और उसके सुप्रीम लीडर की हत्या कर दी। ठीक वैसे ही जैसे इससे पहले अरब के कई देशों में लोकतंत्र लाने के नाम पर पहले गृहयुद्ध छिड़वाए, फिर वहां तख्तापलट किए।

लीबिया में कर्नल गद्दाफी, मिस्र में होस्नी मुबारक, सीरिया में बशर अल असद ऐसे कई शासनाध्यक्ष अच्छे थे या बुरे थे, ये तय करने का हक वहां की जनता को था।

# किसान यूनियन भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के खिलाफ एकजुट होकर लड़ेंगे

**जग मोहन ठाकन**

**एसकेएम** नेता और ऑल इंडिया किसान सभा (एआईकेएस) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंदरजीत सिंह ने कहा, 'अमेरिका के साथ तथाकथित समझौता असल में देश के हितों, उसकी सम्प्रभुता, जरूरी कृषि क्षेत्र और कई तरह के औद्योगिक सामान को खुलेआम बेचना है। भारत आयात टैरिफ को शून्य कर देगा, जबकि अमेरिका भारतीय सामानों के अमेरिका को निर्यात पर 18प्रतिशत टैरिफ लगाएगा।

भारतीय किसान यूनियन भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के खिलाफ एकजुट होकर लड़ने के लिए कमर कस रहे हैं। मुख्य किसान यूनियनों ने हरियाणा के कुरुक्षेत्र में संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) के बैनर तले बैठक की और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के खिलाफ पूरे भारत में एक साथ लगातार संघर्ष की योजना बनाई, जिसमें दूसरे जरूरी मुद्दे भी शामिल थे। एसकेएम नेता और ऑल इंडिया किसान सभा (एआईकेएस) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंदरजीत सिंह ने कहा, 'अमेरिका के साथ तथाकथित समझौता असल में देश के हितों, उसकी सम्प्रभुता, जरूरी कृषि क्षेत्र और कई तरह के औद्योगिक सामान को खुलेआम बेचना है। भारत आयात टैरिफ को शून्य कर देगा, जबकि अमेरिका भारतीय सामानों के अमेरिका को निर्यात पर 18प्रतिशत टैरिफ लगाएगा।

अमेरिकी सर्वोच्च न्यायालय द्वारा ट्रंप के टैरिफ को गैर-संवैधानिक ठहराए जाने के बाद भी, भारत ने एकतरफा फ्री ट्रेड घोषणा के खिलाफ अपनी बात नहीं रखी है। अब भारत को इस समझौते पर हस्ताक्षर नहीं करना चाहिए और इसके बजाय वैश्विक दक्षिण के दूसरे विकासशील देशों और ब्रिक्स, शंघाई कोऑपरेशन आदि जैसे गुटों




के साथ मिलकर विकसित देशों के साथ बातचीत करनी चाहिए, जैसा कि पिछले हफ्ते नई दिल्ली में ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा ने सही सुझाव दिया था।

24 फरवरी को कुरुक्षेत्र में हुई एसकेएम की बैठक में इस समझौते के खिलाफ उठाए जाने वाले कदमों के बारे में बताते हुए, डॉ. इंद्रजीत ने बताया, 'एसकेएम की राष्ट्रीय परिषद बैठक में यह तय किया गया है कि जब तक सभी बड़ी मांगें पूरी नहीं हो जातीं, जैसे भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर न करना, बिजली विधेयक, बीज विधेयक, चारों श्रम संहिताएं, जी राम जी अधिनियम,सी2+50प्रतिशत की दर पर एमएसपी के लिए कानूनी गारंटी, कर्ज माफी और एलएआरआर अधिनियम 2013 को लागू करने की मुख्य मांगें पूरी नहीं हो जातीं, तब तक मजदूरों के साथ मिलकर स्वतंत्र संघर्षों के साथ एकजुट संघर्षों को तेज किया जाएगा। एसकेएम केन्द्रीय श्रम संगठनों के प्लेटफॉर्म और खेती-बाड़ी करने वाले मजदूर यूनियनों के साथ समन्वय बैठक करेगा और एकजुट संघर्षों की आखिरी योजना तय करेगी।

इस बैठक में एसकेएम ने तय किया कि किसानों का संगठन 9 मार्च तक जनसभाओं के जरिए गांवों तक संघर्ष को ले जाएगा, जिसमें भारत के राष्ट्रपति से वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल को हटाने, प्रधानमंत्री को देश विरोधी भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर न करने का निर्देश देने और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को गेहूं और धान उपजाने वाले किसानों को बोनस खत्म करने का अर्ध-सरकारी पत्र वापस लेने का निर्देश देने की मांग की जाएगी।

# आबकारी नीति मामले में आप नेताओं का बरी होना बड़ी संजीवनी

**-: ललित गर्ग:-**

**दिल्ली** की एक ट्रायल कोर्ट द्वारा कथित आबकारी नीति प्रकरण में आम आदमी पार्टी के संयोजक एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया तथा अन्य आरोपितों को दोषमुक्त किए जाने का निर्णय समकालीन राजनीतिक और विधिक परिदृश्य में अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यह मामला केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो, अर्थात सीबीआई द्वारा पंजीकृत किया गया था और लंबे समय से सार्वजनिक बहस के केंद्र में था। न्यायालय ने अपने निर्णय में स्पष्ट कहा कि अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत आरोप ठोस साक्ष्यों और विश्वसनीय गवाहियों पर आधारित नहीं हैं तथा आरोपपत्र में वर्णित दावे न्यायिक परीक्षण की कसौटी पर खरे नहीं उतरते। न्यायालय की यह टिप्पणी कि अनुमानों और अटकलों को विधिसम्मत प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता, न केवल इस विशेष प्रकरण बल्कि समग्र अन्वेषण प्रक्रिया के लिए भी गंभीर संकेत देती है। आबकारी नीति मामले यह फैसला आप के लिए एक बड़ी संजीवनी या ‘प्राणवायु’ के समान है। यह फैसला आप को ‘कट्टर ईमानदार’ की छवि वापस पाने और आगामी चुनावों के लिए एक आक्रामक रुख अपनाने में मदद करेगा, जिससे विपक्षी दलों का मनोबल भी बढ़ा है। कोर्ट से मिली क्लीन चिट ने आप नेताओं की साख बहाल की है जिससे पार्टी कार्यकर्ता उत्साहित हैं। यह निर्णय ‘राजनीतिक प्रतिशोध’ के नैरेटिव को बल देता है जिससे आप अपनी




छवि को बेदाग साबित कर पा रही है। विपक्षी दल इस घटना को केंद्रीय एजेंसियों सीबीआई एवं ईडी के कथित दुरुपयोग के खिलाफ एक जीत के रूप में देख रहे हैं जिससे उन्हें केंद्र के खिलाफ एक बड़ा मुद्दा मिल गया है। इस फैसले से दिल्ली और पंजाब में आप को मजबूती मिलेगी और वह आगामी चुनावों के लिए आक्रामक प्रचार कर सकती है।

विवाद का मूल वर्ष 2021 में लागू की गई नई आबकारी नीति से जुड़ा था। उस समय दिल्ली सरकार ने तर्क दिया था कि शराब व्यापार में निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाने से राजस्व में वृद्धि होगी, भ्रष्टाचार कम होगा और व्यवस्था अधिक पारदर्शी बनेगी। किंतु नीति के क्रियान्वयन के बाद उस पर अनियमितताओं तथा कथित पक्षपात के आरोप लगाए गए। यही आरोप आगे चलकर आपराधिक प्रकरण का आधार बने। जुलाई 2022 से यह मुद्दा राजनीतिक विमर्श का प्रमुख विषय बन गया और चुनावी सभाओं में इसे व्यापक रूप से उठाया गया। अब जबकि ट्रायल कोर्ट ने अभियोजन के तर्कों को अपर्याप्त पाया है, तो स्वाभाविक है कि इसका राजनीतिक प्रभाव भी पड़ेगा। हालांकि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने इस निर्णय को दिल्ली उच्च न्यायालय, में चुनौती देने की घोषणा की है। अतः अंतिम विधिक स्थिति अभी स्पष्ट नहीं मानी जा सकती। साथ ही प्रवर्तन निदेशालय, अर्थात ईडी ने यह कहा है कि उससे संबंधित धनशोधन प्रकरण की जांच स्वतंत्र आधारों पर चल रही है। यदि उच्च न्यायालय भी निचली अदालत के निर्णय को बरकरार रखता है, तो यह प्रश्न स्वाभाविक रूप से उठेगा कि समान घटनाक्रम से जुड़े विभिन्न अन्वेषणों की विधिक संगति किस प्रकार सुनिश्चित की जाएगी। इस पूरे प्रकरण का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष संस्थागत विश्वसनीयता से जुड़ा है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में अन्वेषण एजेंसियों की भूमिका अत्यंत संवेदनशील होती है। वे केवल अपराध की जांच ही नहीं करतीं, बल्कि न्याय व्यवस्था के प्रारंभिक चरण का प्रतिनिधित्व भी करती हैं।

यदि न्यायालय यह टिप्पणी करता है कि जांच पूर्वनिर्धारित दिशा में चलती प्रतीत होती है या पर्याप्त साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किए गए, तो यह केवल एक तकनीकी त्रुटि नहीं, बल्कि संस्थागत शुचिता पर प्रश्नचिह्न बन जाता है। न्याय का मूल सिद्धांत है कि अभियुक्त तब तक निर्दोष माना जाता है जब तक कि उसका दोष विधिसम्मत प्रमाणों के आधार पर सिद्ध न हो जाए। यह भी ध्यान देने योग्य है कि भ्रष्टाचार जैसे गंभीर आरोपों का प्रभाव केवल व्यक्तियों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि शासन की समग्र विश्वसनीयता को प्रभावित करता है। यदि आरोप सिद्ध होते हैं, तो कठोर दंड आवश्यक है; किंतु यदि आरोप पर्याप्त प्रमाणों के अभाव में टिक नहीं पाते, तो इससे राजनीतिक विमर्श की विश्वसनीयता पर भी आघात पहुँचता है। लोकतंत्र में राजनीतिक प्रतिस्पर्धा स्वाभाविक है, किंतु आरोपों का उपयोग यदि मुख्यतः चुनावी रणनीति के रूप में किया जाता है और वे न्यायालय में प्रमाणित नहीं हो पाते, तो इससे जनता के मन में संदेह की स्थिति उत्पन्न होती है।

इस निर्णय के बाद स्वाभाविक रूप से आम आदमी पार्टी को नैतिक बल प्राप्त हुआ है।

# अमेरिका का विश्व में आतंक, फायदा केवल पाकिस्तान को!

**शकील अख्तर**

**अमेरिका** केवल आज्ञाकारी शासक चाहता है। जनता से उसे कोई मतलब नहीं होता। वह शासकों की पूरी मदद करता है कि वे अपनी जनता को अशिक्षित, अंधविश्वासी बना कर रखें। मुस्लिम देश यही कर रहे हैं। साइंस टेक्नालाजी अंग्रेजी की पढ़ाई कहीं नहीं है। पीढ़ियां पीछे की तरफ जा रही हैं। ऐशोआराम के नकली सामान जो अमेरिका पहुंचाता है उनका उपयोग शान के साथ करते हैं। खुद के यहां कुछ नहीं बनता। युद्ध में हत्याएं नहीं होती। हत्या होती है आतंकवाद में। जो अमेरिका सबसे ज्यादा आतंकवाद के खिलाफ बात करता है वही अब सबसे बड़ा आतंकवादी बन कर दिखा रहा है। ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई कहीं युद्ध के मोर्चे पर नहीं थे। उनके दफ्तर में मुखबिरों की मदद से उनकी हत्या कर दी गई।

क्या मैसेज है? कि कोई नेता अपने देश में भी सुरक्षित नहीं है। उसके आसपास के लोग खरीदे जाएंगे और जब अमेरिका को वह फायदेमंद नहीं लगेगा उसे खतम कर दिया जाएगा। पहले अमेरिका उन्हें बदल देता था। हमारे पड़ोसी देश पाकिस्तान में यह उसने बहुत किया है और आज वहां उसका सबसे वफादार आदमी प्रधानमंत्री बनकर बैठा है। खैर पाकिस्तान पर हम लिखेंगे इसी लेख में आगे मगर



पहले अमेरिका की दादागिरी और दुनिया के 55 से ज्यादा मुस्लिम देशों के आत्मसमर्पण पर।

ईरान में खामेनेई की हत्या से पहले वह इराक के राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन को मार चुका है। उस समय भी मुस्लिम देश खामोश रहे और आज तो उनमें से अधिकांश बेशर्मी के साथ अमेरिका के साथ खड़े हैं। इजराइल का नाम हम इसलिए नहीं लिख रहे कि उसका अपना अलग से कोई अस्तित्व नहीं है। वह जो है अमेरिका की सहायता से ही है। हां, लेकिन फिर भी सऊदी अरब, कुवैत, यूएई और भी कई मुस्लिम देश गजा के नरसंहार से आंखें मूंदकर उससे दोस्ती कर चुके हैं और अमेरिका के तो सब गुलाम हैं।

अमेरिका केवल आज्ञाकारी शासक चाहता है। जनता से उसे कोई मतलब नहीं होता। वह शासकों की पूरी मदद करता है कि वे अपनी जनता को अशिक्षित, अंधविश्वासी बना कर रखें। मुस्लिम देश यही कर रहे हैं। साइंस टेक्नालाजी अंग्रेजी की पढ़ाई कहीं नहीं है। पीढ़ियां पीछे की तरफ जा रही हैं। ऐशोआराम के नकली सामान जो अमेरिका पहुंचाता है उनका उपयोग शान के साथ करते हैं। खुद के यहां कुछ नहीं बनता। यहां तक कि जो सबसे बड़ी दौलत है तेल उसे भी अपने आप नहीं निकाल सकते। साफ करना तो दूर की बात है। तेल भी अमेरिका ही निकालता है और वही बताता है कि किसे बेचना है किसे नहीं।

पूरी तरह अमेरिका पर निर्भर होकर वे खुद को सुरक्षित समझते हैं। मगर यह भूल जाते हैं कि सुरक्षित तभी तक हैं जब तक अमेरिका के उद्देश्यों की पूर्ति कर रहे हैं। जैसे ही एक भी हां में हां सही स्वर में नहीं मिलाई वह अब केवल सत्ता परिवर्तन नहीं करता सीधे कत्ल ही कर देता है। दो उदाहरण बताए। दो सबसे ताकतवर मुस्लिम देशों के शासकों के। ईराक के सद्दाम हुसैन और ईरान के खामेनेई के।

# जुमा की नमाज से पहले भदोही में पुलिस का रूट मार्च, अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही । जिले** में शुक्रवार को जुमा की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में पुलिस बल ने रूट मार्च और पैदल गश्त की।

इस दौरान पुलिस अधिकारियों और थाना-चौकी प्रभारियों ने मिश्रित आबादी वाले इलाकों, प्रमुख बाजारों, चौराहों और मुख्य मार्गों पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। गश्त के दौरान संदिग्ध



व्यक्तियों, वाहनों और वस्तुओं की गहन जांच की गई।

पुलिस टीमों ने मस्जिदों के आसपास भी पैदल भ्रमण किया और मौलवी तथा इमामों से बातचीत कर उन्हें सुरक्षा व्यवस्था के बारे में आश्वस्त किया। साथ ही लोगों से शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई।

प्रशासन की ओर से बताया गया कि अभिसूचना तंत्र, सोशल मीडिया सेल और कंट्रोल रूम के माध्यम से लगातार निगरानी की जा रही है। पुलिस ने चेतावनी दी है कि अफवाह फैलाने या सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने वालों के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# पीडब्ल्यूडी कर्मचारी की फांसी पर लटकता मिला शव, परिजनों ने प्रेमिका व उसकी मां पर जताई हत्या की आशंका

**अखंड भारत संदेश**

**गोपीगंज। कोतवाली** क्षेत्र के रामपुर घाट गांव में बीती रात एक पीडब्ल्यूडी कर्मचारी की संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर झूलने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने युवक की प्रेमिका और उसकी मां पर हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार रामपुर घाट गांव निवासी सुरेंद्र वर्मा (30) पुत्र स्व. लल्लन वर्मा पीडब्ल्यूडी में





कर्मचारी थे। बीती रात गांव के बाहर स्थित उनके मकान के एक कमरे में उनका शव फांसी के फंदे पर लटकता मिला। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और आनन-फानन में फंदे से उतारकर उन्हें एक निजी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई जितेंद्र वर्मा ने गोपीगंज कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि रात करीब 12 बजे पड़ोसियों से सूचना मिली कि उसका भाई कमरे में फांसी के फंदे पर झूल रहा है। पड़ोसियों के अनुसार गांव की ही एक युवती, जिससे मृतक का प्रेम संबंध बताया जा रहा है, और उसकी मां ने ही फांसी की सूचना देकर वहां से चली गई थीं। भाई ने आशंका जताई कि उसके भाई की मौत के पीछे प्रेमिका और उसकी मां का हाथ हो सकता है। उसने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोनों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। उधर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# प्रांजल पंडित का कअर में चयन, क्षेत्र में खुशी की लहर



**अखंड भारत संदेश**

**सुल्तानपुर । सुल्तानपुर** थाना अखण्डनगर क्षेत्र के मकरीया बराहिमपुर गांव निवासी प्रांजल पंडित (शाश्वत पंडित) ने संघ लोक सेवा आयोग की प्रतिष्ठित कअर परीक्षा में सफलता हासिल कर क्षेत्र और जिले का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है और लोग उन्हें बधाई दे रहे हैं।प्रांजल पंडित, विपिन राय के पुत्र हैं, जो सम्मानित शिक्षक आनन्द द्विवेदी के परम मित्र बताए जाते हैं। इस सफलता पर शिक्षक आनन्द द्विवेदी ने खुशी जताते हुए बताया कि उनके भतीजे प्रांजल ने दूसरे ही प्रयास में देश की सर्वोच्च परीक्षा को सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर लिया है।उन्होंने कहा कि प्रांजल की मेहनत, लगन और अनुशासन का ही परिणाम है कि इतनी कम उम्र और कम प्रयासों में उन्हें यह बड़ी सफलता मिली है। प्रांजल की उपलब्धि से परिवार, गांव और पूरे क्षेत्र में अपार खुशी का माहौल है।ग्रामीणों व शुभचिंतकों ने प्रांजल पंडित के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए इसे युवाओं के लिए प्रेरणादायक उपलब्धि बताया है ।

# स्वाती सिंह ने चार्टर्ड अकाउंटेंट परीक्षा में पाई सफलता, परिवार व क्षेत्र का बढ़ाया मान

**अखंड भारत संदेश**

**सुल्तानपुर । जनपद** की बेटी स्वाती सिंह ने चार्टर्ड अकाउंटेंट की कठिन परीक्षा उत्तीर्ण कर अपने परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से परिजनों व शुभचिंतकों में खुशी का माहौल है।स्वाती सिंह कानूनगो चंद्र देव सिंह (मुसाफिरखाना) व प्रधानाध्यापिका श्रीमती रामा सिंह (गुप्तारगंज) की पुत्रवधू हैं। उनके पति कृष्ण कान्त सिंह हैं। वर्तमान में उनका निवास निराला नगर में है,जबकि उनका मूल निवास ग्राम खारा, पोस्ट चंदौर,जनपद सुल्तानपुर है।

चार्टर्ड अकाउंटेंट जैसी कठिन और प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता प्राप्त कर स्वाती सिंह ने यह साबित कर दिया कि मेहनत,लगन और दृढ़ संकल्प से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

उनकी इस सफलता पर परिवार,रिश्तेदारों व क्षेत्र के लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।स्वाती सिंह की इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी की लहर है और लोग इसे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बता रहे हैं।



# टेंडर निरस्त होने पर ठेकेदारों में आक्रोश,जांच की मांग

**अखंड भारत संदेश**

**सुल्तानपुर। लोक** निर्माण विभाग के प्रांतीय खंड और पीडब्ल्यूडी खंड-3 में बड़ी संख्या में टेंडर निरस्त किए जाने से ठेकेदारों में आक्रोश फैल गया है। तकनीकी बिड खुलने के बाद अचानक निविदाएं रद्द किए जाने पर दर्जनों ठेकेदारों ने सवाल उठाते हुए पूरे मामले की जांच की मांग की है।ठेकेदारों का आरोप है कि प्रांतीय खंड की 186 और पीडब्ल्यूडी खंड-3 की 146 निविदाएं निरस्त कर दी गईं, जबकि तकनीकी बिड पहले ही खोली जा चुकी थी। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि जब निविदा प्रक्रिया आगे बढ़ चुकी थी तो आखिर अचानक टेंडर रद्द करने की क्या वजह रही।ठेकेदारों का कहना है कि कुछ



जनप्रतिनिधियों के दबाव में टेंडर प्रक्रिया प्रभावित की गई है।उनका आरोप है कि जहां प्रतिस्पर्धा अधिक दिखाई दी, वहां पूरी निविदा प्रक्रिया ही समाप्त कर दी गई।वहीं प्रांतीय खंड के अधिशाषी अभियंता अरुण कुमार ने बताया कि रेट सूची में संशोधन को लेकर शासन के निर्देश पर निविदाएं निरस्त की गई हैं।ठेकेदारों का कहना है कि टेंडर प्रक्रिया में भाग लेने के लिए पंजीकृत फर्मों ने हजारों रुपये खर्च कर दस्तावेज तैयार किए और बैंक गारंटी जमा की।

टेंडर निरस्त होने से उन्हें आर्थिक नुकसान हुआ है।आक्रोशित ठेकेदारों ने मुख्यमंत्री, पुलिस अधीक्षक समेत प्रदेश के उच्च अधिकारियों को पत्र भेजकर मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

# डीएम बना रहे मिसाल लेकिन स्कूल बना मालिश केंद्र बच्चों से हाथ-पैर दबवाती शिक्षिका का वीडियो वायरल

- चित्रकूट शिक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवाल
- सरकारी स्कूल या निजी ऐशगाह?

**अखंड भारत संदेश**




स्कूल के बच्चों से मालिश करवाती हुई शिक्षिका

**चित्रकूट।** जिले के नए बाजार स्थित एक सरकारी प्राथमिक विद्यालय का वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसने शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। वायरल वीडियो में विद्यालय की एक शिक्षिका मासूम बच्चों से अपने हाथ-पैर और पीठ की मालिश करवाती दिखाई दे रही है। जिस स्कूल को बच्चों की पढ़ाई-लिखाई और संस्कार का मंदिर माना जाता है, वहां इस तरह की तस्वीर सामने आना बेहद चौंकाने वाला है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिले के कई सरकारी स्कूलों में बच्चों से इस तरह के काम कराए जाने की शिकायतें पहले भी सामने आती रही हैं। कभी बच्चे स्कूल में पानी भरते दिखते हैं तो कहीं झाड़ू-पोंछा करते नजर आते हैं, लेकिन इस बार सामने आया मामला हद पार करता दिख रहा है।

विडंबना यह भी है कि एक ओर जिले के जिलाधिकारी सरकारी स्कूलों की गुणवत्ता पर भरोसा जताने के लिए अपनी ही बेटी का दाखिला सरकारी विद्यालय में कराकर उदाहरण पेश करने की कोशिश कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर प्रशासन की नाक के नीचे ऐसी घटनाएं शिक्षा व्यवस्था की सच्चाई उजागर कर रही हैं। सूत्रों से मिली खबर में पता चला है कि संबंधित शिक्षिका को पहले भी इस तरह के मामले में नोटिस मिल चुका है, लेकिन कार्रवाई महज कागजी खानापूर्ति बनकर रह गई। फिलहाल मामले के तूल पकड़ने के बाद बेसिक शिक्षा अधिकारी बीके शर्मा ने बयान जारी कर कहा है कि पूरे प्रकरण की जांच कराई जा रही है और आरोपी शिक्षिका को अभी सस्पेंड कर दिया गया है। अब सवाल है कि जांच के बाद वास्तव में कार्रवाई होगी या यह मामला भी फाइलों में दबकर रह जाएगा।

### शिक्षिका ने दी सफाई, बीमारी व साजिश का लगाया आरोप

वायरल वीडियो को लेकर जब संबंधित शिक्षिका से बात की गई तो उन्होंने पूरे मामले में अपनी सफाई देते हुए कहा कि पिछले कई दिनों से उनकी तबीयत खराब चल रही थी और उन्होंने अधिकारियों को इसकी जानकारी भी दी थी। बताया कि स्वास्थ्य कारणों से स्कूल आने में असमर्थता जताई थी, लेकिन अधिकारियों के कहने पर ही वह विद्यालय गई थीं। फिलहाल वह लखनऊ के एक अस्पताल में भर्ती हैं और उनका इलाज जारी है। शिक्षिका ने यह भी दावा किया कि वीडियो बनाने वाली महिला पहले स्कूल में चोरी कर चुकी है और उसी रंजिश के चलते उसने यह वीडियो बनाकर वायरल किया है। साथ ही उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि वीडियो में दिखाई दे रही महिला वही हैं।

## रामघाट से बेड़ी पुलिया तक डीएम-एसपी का निरीक्षण, अतिक्रमण-गंदगी पर सख्त चेतावनी

**पोस्टर-बैनर हटाओ, अतिक्रमण मिटाओ**

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले में पर्यटन विकास और नगर व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी पुलकित गर्ग और पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने रामघाट, बेड़ी पुलिया और सीतापुर क्षेत्रों का संयुक्त स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान रामघाट के पास वाहन पार्किंग की विवादित भूमि का परीक्षण करते हुए जिलाधिकारी ने तहसीलदार को राजस्व अभिलेखों की जांच कर अतिक्रमण पाए जाने पर तत्काल हटाने के निर्देश दिए। रामघाट पुलिस सहायता केंद्र के निरीक्षण में प्रवेश द्वार पर लगे पोस्टर-पंपलेट देखकर उन्होंने नगरपालिका को इन्हें तुरंत हटाकर जिम्मेदार लोगों पर जुमार्ना लगाने तथा पूरे नगर में अवैध पोस्टर-बैनरों के खिलाफ अभियान चलाने को कहा। सीतापुर में लगभग 1122.58 लाख रुपए की लागत से बन रहे पर्यटन सुविधा केंद्र का निरीक्षण करते हुए बाउंड्री से सटी दीवार हटाकर नियमानुसार निर्माण कराने और गेट के पास रखे लकड़ी के स्टॉल हटाने के निर्देश दिए गए। यूपीटीयू चौराहे पर प्रस्तावित पर्यटन सूचना केंद्र को लेकर तहसीलदार और नगर निकाय को संयुक्त निरीक्षण कर रिपोर्ट देने तथा आवश्यकतानुसार बाउंड्रीवाल बनाने को कहा गया। वहीं बेड़ी पुलिया क्षेत्र में बढ़ती भीड़ और मेलों को देखते हुए पार्किंग के लिए पर्याप्त भूमि चिन्हित करने के निर्देश दिए गए। चौराहे को अर्धचक्राकार विकसित कर यातायात सुचारु बनाने, अव्यवस्थित दुकानों को हटाकर वेंडिंग जोन विकसित करने, साफ-सफाई सुधारने और सड़क चौड़ीकरण के निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के दौरान प्रशासनिक अमला मौजूद रहा।

## न नोटिस, न सुनवाई- चित्रकूट में जेसीबी कल्चर- गरीब के घर पर चला प्रशासनिक बुलडोजर, भड़का किसान यूनियन

- जेसीबी से गिरा गरीब का घर, न्याय को तरसता परिवार
- प्रशासनिक कार्रवाई पर उठे गंभीर सवाल

**मऊ/चित्रकूट।** तहसील क्षेत्र स्थित बाबूलाल चौराहा यमुना रोड पर प्रशासनिक कार्रवाई को लेकर एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसने व्यवस्था की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आरोप है कि बिना किसी नोटिस और वैधानिक प्रक्रिया के एक गरीब किसान का मकान जेसीबी मशीन से ढहा दिया गया, जिससे पूरा परिवार अचानक खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हो गया। पीड़ित किसान नरेश तिवारी का कहना है कि वह वर्षों से अपनी निजी भूमि पर परिवार सहित रह रहा था। राजस्व टीम द्वारा पूर्व में भूमि की पैमाइश भी की गई थी, जिसमें जमीन उसकी बताई गई, लेकिन इसके बावजूद अचानक प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा और बिना कोई लिखित सूचना दिए मकान को जमींदोज कर दिया। इस कार्रवाई से परिवार को भारी आर्थिक नुकसान के साथ-साथ गहरी मानसिक पीड़ा भी झेलनी पड़ रही है। मामले ने अब किसान संगठनों और स्थानीय लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष राम सिंह राही, तहसील अध्यक्ष विनय कुमार त्रिपाठी सहित संगठन के कई पदाधिकारी पीड़ित किसान के साथ मऊ एसडीएम से मिले और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच तथा पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिलाने की मांग उठाई। भाकियू नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं हुई और पीड़ित को न्याय नहीं मिला तो संगठन आंदोलन करने को बाध्य होगा।

घटना के बाद क्षेत्र में प्रशासनिक कार्यशैली को लेकर नाराजगी बढ़ती दिखाई दे रही है। लोगों का कहना है कि किसी भी अवैध निर्माण पर कार्रवाई से पहले नोटिस देना और कानूनी प्रक्रिया का पालन करना अनिवार्य होता है। फिलहाल प्रशासन ने शिकायत मिलने के बाद मामले की जांच कराने की बात कही है, लेकिन अब सबकी निगाहें इस पर टिकी हैं कि न्याय मिलेगा या यह मामला भी फाइलों में दबकर रह जाएगा।

## फिट इंडिया महिला सप्ताह में दौड़ेगा चित्रकूट, 8 मार्च को ट्रैक पर उतरेंगी धाविकाएं

**चित्रकूट।** फिट इंडिया महिला सप्ताह के उपलक्ष्य में चित्रकूट धाम मंडल के स्पोर्ट्स स्टेडियम में 8 मार्च को सुबह 8 बजे महिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। क्रीड़ाधिकारी अरविंद कुमार सोनकर ने बताया कि खेल निदेशालय के निर्देश पर आयोजित इस प्रतियोगिता में 100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर दौड़ शामिल रहेंगी। प्रतियोगिता में भाग लेने की इच्छुक महिला खिलाड़ी माई भारत पोर्टल पर पंजीकरण कराकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकती हैं।

## पटेल तिराहा से देवांगना मार्ग फोरलेन को लेकर डीएम सख्त, एक सप्ताह में हटेंगी बाधाएं

- गर्मी से पहले पूरा होगा सीसी रोड
- डीएम ने विभागों को दिया अल्टीमेटम

**अखंड भारत संदेश**



बैठक में मौजूद अधिकारीगण

**चित्रकूट।** जिले में लंबे समय से चर्चा में रहे पटेल तिराहा से कर्वी देवांगना मार्ग के फोरलेन चौड़ीकरण को लेकर प्रशासन ने अब सख्त रुख अपना लिया है। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में परियोजना की प्रगति और मार्ग में आ रही बाधाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि पटेल तिराहा से सोनेपुर पेट्रोल पंप के बीच मार्ग में आ रहे विद्युत पोल, ट्रांसफार्मर और पेयजल पाइपलाइन को हर हाल में एक सप्ताह के भीतर शिफ्ट किया जाए, ताकि निर्माण कार्य में किसी प्रकार की रुकावट न रहे। बढ़ते तापमान को देखते हुए डीएम ने सीसी रोड का निर्माण मार्च माह में ही पूरा करने के निर्देश दिए, जिससे कंक्रीट की गुणवत्ता प्रभावित न हो। साथ ही उन्होंने जल निगम, जल संस्थान, विद्युत विभाग और लोक निर्माण विभाग को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और विभागीय मानचित्र साझा करने को कहा, ताकि तकनीकी अड़चनें समय रहते दूर की जा सकें। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि परियोजना के शेष सभी कार्य 30 मई 2026 तक हर हाल में पूरे किए जाएं और गुणवत्ता से कोई समझौता न हो। चेतावनी दी कि कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग, जल निगम और जल संस्थान के अधिशासी अभियंता मौजूद रहे।

### पहाड़ी में प्रसव के दौरान मां-नवजात की मौत, परिजनों का आरोप- लापरवाही ने बुझा दी दो जिंदगियां

**चित्रकूट।** जिले के पहाड़ी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार तड़के प्रसव के दौरान एक महिला और उसके नवजात शिशु की मौत से स्वास्थ्य व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए। यह दर्दनाक घटना सुबह लगभग पांच बजे हुई, जिसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मृतका की पहचान ग्राम परसौंजा निवासी 22 वर्षीय नीलू पुत्री कुबेर के रूप में हुई है, जिसकी शादी पिछले वर्ष बांदा जिले के मसुरी गांव में हुई थी। उसका पति दिल्ली में काम करता है और नीलू इन दिनों अपने मायके में रह रही थी। परिजनों के अनुसार, पेट दर्द की शिकायत पर दो दिन पहले उसे पहाड़ी सीएचसी में भर्ती कराया गया था, जहां डॉक्टरों ने स्थिति सामान्य बताई थी। आरोप है कि अस्पताल में मशीनों और योग्य डॉक्टरों की कमी तथा कथित लापरवाही के कारण डिलीवरी के दौरान न तो नीलू को बचाया जा सका और न ही उसके नवजात को। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य अधीक्षक ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि महिला की मौत डर की वजह से हुई है और स्टाफ की कोई लापरवाही नहीं है।

## कागज से चौपाल तक पहुँचा प्रशासन, लेकिन ग्रामीणों ने गिनाईं बिजली, नाली और पानी की अधूरी कहानी

**अखंड भारत संदेश**




चौपाल में मौजूद अधिकारीगण

**चित्रकूट।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत विकासखंड पहाड़ी की ग्राम पंचायत रायपुर बागर में शुक्रवार को पंचायत सचिवालय प्रांगण में ग्राम चौपाल का आयोजन अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) चंद्रशेखर की अध्यक्षता में हुआ। चौपाल में खंड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी (ग्राम विकास व कृषि), पशु चिकित्सा अधिकारी, जल निगम के अवर अभियंता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, ग्राम प्रधान व पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित रहे। अधिकारियों ने ग्रामीणों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए बैंक खातों की ई-केवाईसी, आधार-मोबाइल लिंक और अन्य औपचारिकताएं पूरी कराने पर जोर दिया, ताकि योजनाओं की धनराशि सीधे खातों में पहुंच सके। प्रधानमंत्री आवास योजना के संबंध में बताया गया कि सर्वे कार्य पूर्ण हो चुका है और शासन से धनराशि प्राप्त होते ही पात्र लाभार्थियों को चरणबद्ध तरीके से आवास का लाभ दिया जाएगा। इस दौरान ग्रामीणों ने आवास की मांग, बिजली के खंभे, नाली निर्माण और जलापूर्ति जैसी समस्याएं खुलकर रखीं। अधिकारियों ने सभी समस्याओं को दर्ज कर नियमानुसार समाधान का आश्वासन दिया, वहीं फार्मर रजिस्ट्री, फैमिली आईडी, गोल्डन कार्ड और विभिन्न पेंशन योजनाओं को ऑनलाइन कराने के भी निर्देश दिए गए।

### बैंक कर्ज की अनदेखी महंगी पड़ी, 38 बीघा कुर्क जमीन की फिर बजेगी नीलामी की घंटी

**चित्रकूट।** मानिकपुर तहसील में बैंक बकाए को लेकर प्रशासन की सख्ती एक बार फिर सामने आई है। तहसीलदार मानिकपुर ने बताया कि नयापुरवा रुकमाबुजुर्ग निवासी क्षत्रपाल पुत्र चिल्हू संग्रह अनुभाग मानिकपुर के बैंक देय के 10 बड़े बकायेदारों में शामिल हैं। बैंक ऋण की धनराशि जमा न करने पर उप जिलाधिकारी मानिकपुर के आदेश 4 फरवरी 2026 के तहत उनकी कुर्कशुदा भूमि की नीलामी 27 फरवरी को प्रस्तावित थी, लेकिन पर्याप्त प्रचार-प्रसार न हो पाने के कारण कार्रवाई नहीं हो सकी। अब प्रशासन ने बकायेदार की कुल 38 किता कुर्कशुदा भूमि- जिसमें गाटा संख्या 1245, 1248, 1251 सहित कई भूखंड शामिल हैं- की पुनः नीलामी 13 मार्च को प्रातः 11 बजे तहसील परिसर मानिकपुर में तय की है। तहसील प्रशासन के अनुसार इच्छुक बोलीदाता नीलामी की शर्तों और प्रतिबंधों की विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस में उप जिलाधिकारी कार्यालय मानिकपुर से प्राप्त कर सकते हैं।

## दलालों के जाल में फंसी जिंदगी- प्रसूता की मौत ने उधेड दी जिले के स्वास्थ्य तंत्र की परतें

**अखंड भारत संदेश**

- कौन दे रहा है फर्जी क्लीनिकों को संरक्षण?
- दलाली व लापरवाही का खौफनाक सच उजागर

**चित्रकूट।** जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। अफसरों और दलालों की कथित मिलीभगत तथा अवैध कमाई के लालच ने मंगलवार को एक प्रसूता की जान ले ली। ज्ञात है कि पीड़िता को पहले जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन वहां सक्रिय दलालों ने बेहतर इलाज और प्रीमियम डॉक्टरों का सपना दिखाकर उसे अस्पताल के पास ही संचालित एक संदिग्ध निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया। आरोप है कि यह अस्पताल न तो किसी मानक पर खरा उतरता है और न ही वहां विशेषज्ञ डॉक्टर मौजूद थे।

बताया जाता है कि भर्ती होने के बाद प्रसूता की हालत बिगड़ने लगी और अत्यधिक रक्तस्राव शुरू हो गया। स्थिति गंभीर होते ही वहां मौजूद नौसिखिया डॉक्टर घबरा गए और बिना समुचित उपचार के ही प्रसूता को कौशांबी रेफर कर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया। रास्ते में हालत और बिगड़ने पर प्रसूता की मौत हो गई, जिससे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। सबसे हैरानी की बात यह है कि जिले में ऐसे कई अस्पताल खुलेआम संचालित हो रहे हैं जिनका मुख्य काम कथित तौर पर दलाली और मरीजों से मोटी रकम वसूलना बताया जाता है। न मानकों का पालन, न प्रशिक्षित स्टाफ और न ही आपातकालीन सुविधाएं- फिर भी ये अस्पताल किसके संरक्षण में चल रहे हैं? क्या इन्हें लोगों की जिंदगी से खेलने का खुला लाइसेंस मिल गया है? इस घटना के बाद जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की भूमिका पर भी सवाल उठने लगे हैं। हालांकि जिले के वरिष्ठ स्वास्थ्य अधिकारी ने मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है, लेकिन बड़ा सवाल यही है कि क्या यह कार्रवाई भी कागजी खानापूर्ति बनकर रह जाएगी या फिर इस मौत से स्वास्थ्य तंत्र की जिम्मेदारी तय होगी।

## भौंरी के पास बेकाबू ट्रैक्टर पलटा, चालक समेत दो की दर्दनाक मौत

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले के रैपुरा थाना क्षेत्र में बुधवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे ने दो परिवारों की खुशियां छीन लीं। भौंरी गांव के पहाड़ी चौराहे के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया, जिसके नीचे दबने से चालक समेत दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी आशुतोष तिवारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और दूसरे ट्रैक्टर की मदद से पलटे वाहन को सीधा कर तीनों को बाहर निकलवाकर जिला अस्पताल भेजा। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद भौंरी निवासी 17 वर्षीय अर्पित मिश्रा और कौशांबी जिले के करारी थाना क्षेत्र के बजहा खुर्रमपुर निवासी 40 वर्षीय मूलचंद्र उर्फ इल्ली को मृत घोषित कर दिया, जबकि अनुराग मिश्रा घायल है। बताया गया कि मूलचंद्र ट्रैक्टर मालिक के साथ मिलकर पैलेशर मशीन से क्षेत्र में धान कुटाई का काम करता था और होली पर मालिक के गांव जाने के कारण वह साथियों के साथ ट्रैक्टर लेकर लौट रहा था। मूलचंद्र पांच भाइयों में सबसे छोटा था, जिसकी पत्नी छह वर्ष पहले बेटी को लेकर मायके बिहार चली गई थी और तब से वापस नहीं आई। पुलिस ने बताया कि मामले में तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## प्राधिकरण में हर गुरुवार लगेगा भवन मानचित्र समाधान दिवस

**चित्रकूट।** चित्रकूट विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण के सचिव अजय कुमार ने बताया कि प्राधिकरण क्षेत्र में भवन मानचित्र स्वीकृति की प्रक्रिया को तेज और पारदर्शी बनाने के लिए हर माह के प्रत्येक गुरुवार को मानचित्र समाधान दिवस आयोजित किया जाएगा। मार्च 2026 में यह आयोजन 12 और 19 मार्च को अपराह्न 1 बजे से 5 बजे तक प्राधिकरण कार्यालय में होगा। इस दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी, अधिकृत मानचित्रकार और आर्किटेक्ट मौजूद रहेंगे, ताकि भवन मानचित्रों में लगी आपत्तियों का मौके पर ही निराकरण कर स्वीकृति की प्रक्रिया पूरी की जा सके।

## कटैयाखादर और बियावल में जन चौपाल- अफसरों ने सुनी जनता की आवाज, मौके पर निपटी कई समस्याएं

**अखंड भारत संदेश**




जनचौपाल में मौजूद अधिकारीगण

**चित्रकूट।** जिले के गांवों में प्रशासनिक चौपालें अब ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान का मंच बनती नजर आ रही हैं। गुरुवार को ग्राम पंचायत कटैयाखादर में अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) स्वप्निल कुमार की अध्यक्षता में जन चौपाल आयोजित हुई, जहां ग्राम प्रधान घनश्याम सिंह और सचिव रामनरायण पाण्डेय की मौजूदगी में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। कृषि, चिकित्सा, समाज कल्याण और बैंक के शिविर लगाकर मौके पर ही कई समस्याओं का समाधान किया गया। आयुष्मान कार्ड, किसान योजनाओं, पेंशन और महिला स्वयं सहायता समूहों से जुड़े लाभों के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया गया। इसी क्रम में ग्राम पंचायत बियावल में मुख्य विकास अधिकारी डीपी पाल की अध्यक्षता में आयोजित चौपाल में करीब 250 ग्रामीणों ने भाग लिया। यहां प्रधानमंत्री आवास, मुख्यमंत्री आवास, किसान सम्मान निधि, पेंशन और स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी दी गई। ग्रामीणों की शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पेंशन से वंचित लोगों का पंजीकरण कराने और आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषाहार वितरण व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने एक सप्ताह के भीतर विशेष शिविर लगाकर पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ने का भरोसा दिलाया, जिससे ग्रामीणों में प्रशासनिक पहल को लेकर नई उम्मीद जगी।

## विशेषाधिकार समिति का चित्रकूट दौरा- चार जिलों के अफसरों से जवाब-तलब

**चित्रकूट।** मुख्य विकास अधिकारी डीपी पाल ने बताया कि उत्तर प्रदेश विधान परिषद की विशेषाधिकार समिति के सभापति गोविंद नारायण शुक्ल के नेतृत्व में समिति 12 मार्च को झांसी से सड़क मार्ग द्वारा चित्रकूट पहुंचेगी और रात्रि विश्राम करेगी। 13 मार्च को प्रातः 10 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में चित्रकूट, बांदा, महोबा और हमीरपुर के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक होगी। बैठक में जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक सहित जिला स्तरीय अधिकारी विभिन्न विभागीय कार्यों पर अद्यतन जानकारी देंगे। सीडीओ ने सभी अधिकारियों को समय से उपस्थित होकर विभागीय तैयारियों के साथ भाग लेने के निर्देश दिए हैं।

## महिलाओं की आवाज बनेगा विकास भवन, महिला दिवस होगी जनसुनवाई

**चित्रकूट।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 के अवसर पर चित्रकूट में महिलाओं की समस्याओं के समाधान के लिए एक विशेष जनसुनवाई का आयोजन 9 मार्च को प्रातः 11 बजे विकास भवन सभागार में किया जाएगा। राष्ट्रीय महिला आयोग के तत्वावधान में होने वाली इस जनसुनवाई की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्या श्रीमती प्रतिभा कुशवाहा करेंगी। कार्यक्रम में महिलाएं घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, महिला सुरक्षा और सरकारी योजनाओं से जुड़ी समस्याएं सीधे आयोग के समक्ष रख सकेंगी। जनसुनवाई के बाद संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी होगी, जिसमें महिलाओं के अधिकार और सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

# ईरान, इजराइल, अमेरिका की जंग से पूरा पश्चिम एशिया धधका

# खाड़ी से लेकर लेबनान तक हो रही मिसाइलों की बारिश

**इजराइल**

**पश्चिम** एशिया में तनाव ने भीषण रूप ले लिया है और ईरान, इजराइल तथा अमेरिका के बीच छिड़ी जंग ने पूरे क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया है। सोमवार को संघर्ष का दायरा अचानक बढ़ गया जब तेहरान समर्थित मिलिशिया भी खुलकर मैदान में उतर आईं और हमलों का भूगोल कई देशों तक फैल गया। ईरान ने इजराइल और कई अरब देशों पर मिसाइलें दागीं, जबकि लेबनान से हिजबुल्लाह ने रॉकेट और ड्रोन के जरिये इजराइल को निशाना बनाया। जवाब में इजराइल ने बेरूत के दक्षिणी उपनगरों और दक्षिणी लेबनान पर भारी हवाई हमले किये, जिनमें कम से कम 31 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। इजराइल ने एक लाख से अधिक आरक्षित सैनिकों को जुटा लिया है और लम्बे संघर्ष की चेतावनी दी है।

इस भीषण टकराव की पृष्ठभूमि में अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई की लक्षित



हत्या को निर्णायक मोड़ माना जा रहा है। इसके बाद ईरान ने त्वरित प्रतिक्रिया देते हुए संवैधानिक प्रक्रिया के तहत अलीरेजा अराफी को अंतरिम सर्वोच्च नेता नियुक्त किया, ताकि सत्ता संरचना में निरंतरता का संदेश दिया जा सके। ईरानी अधिकारियों का दावा है कि अभियान शुरू होने के बाद से सैकड़ों लोग मारे गये हैं। ईरानी रेड क्रेसेंट के अनुसार 131 शहरों में हमलों के बीच कम से कम 555 लोगों की जान जा चुकी है। इजराइल में 11 और लेबनान में 31 मौतें दर्ज की गयी हैं।

उधर, संघर्ष के बीच कुवैत में एक चौंकाने वाली घटना सामने आयी। अमेरिकी सेना ने कहा कि सक्रिय युद्ध अभियान के दौरान कुवैत की वायु सुरक्षा ने गलती से तीन अमेरिकी एफ 15 ई लड़ाकू विमानों को मार गिराया। सभी छह चालक सुरक्षित बाहर निकल आये और उन्हें बचा लिया गया। घटना की जांच जारी है। इस बीच तेहरान समर्थित समूहों द्वारा कुवैत स्थित अमेरिकी दूतावास परिसर को भी निशाना बनाये जाने की खबर है, जिससे क्षेत्रीय तनाव और गहरा गया है।

इस बीच, ऊर्जा सुरक्षा पर भी संकट के बादल मंडरा रहे हैं। ईरानी ड्रोन हमलों ने सऊदी अरब की रस तनुरा रिफाइनरी को प्रभावित किया, जिससे अस्थायी रूप से संचालन ठप करना पड़ा। यह संयंत्र प्रतिदिन पांच लाख बैरल से अधिक कच्चे तेल का प्रसंस्करण करता है। होरमुज जलडमरूमध्य के आसपास हमलों और धमकियों ने वैश्विक आपूर्ति मार्गों को लेकर चिंता बढ़ा दी है। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के प्रमुख राफेल ग्रोसी ने कहा है कि फिलहाल ईरान के परमाणु स्थलों को नुकसान का संकेत नहीं है, लेकिन सक्रिय रिएक्टरों की मौजूदगी किसी गंभीर रेडियोलाजिकल हादसे का जोखिम बढ़ाती है।

तनाव का असर खाड़ी क्षेत्र से बाहर भी दिखा। ओमान के तट से 52 समुद्री मील दूर एमकेडी व्योम नामक तेल टैंकर पर मानवरहित नौका से हमला किया गया, जिससे इंजन कक्ष में विस्फोट और आग लग गयी। इस घटना में एक भारतीय नागरिक की मौत हो गयी। बढ़ते संघर्ष के बीच हवाई क्षेत्र बंद किये जा रहे हैं, दूतावासों ने चेतावनी जारी की है और कई देशों ने अपने नागरिकों की निकासी शुरू कर दी है। इस बीच, ईरान ने इजराइली प्रधानमंत्री के कार्यालय को भी निशाना बनाने का दावा किया है।

उधर, वाशिंगटन और तेल अवीव को उम्मीद थी कि शीर्ष नेतृत्व को हटाने से ईरान की सत्ता संरचना दरक जायेगी, लेकिन तेहरान ने त्वरित उत्तराधिकार और सैन्य सक्रियता से संकेत दिया है ।

## ईरान ने दाग दी अपनी सबसे घातक QADR मिसाइल



**ईरान**

**मध्य** पूर्व में चल रहे संघर्ष में एक महत्वपूर्ण वृद्धि के रूप में ईरान ने कद्र श्रृंखला की मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल का प्रक्षेपण किया है, जो इजराइल के विरुद्ध तेहरान की सैन्य कार्रवाई में एक गंभीर घटनाक्रम का संकेत है। कद्र मिसाइलों का परिवार - तकनीकी रूप से ईरान की गद्र-110 श्रृंखला का हिस्सा - मध्यम दूरी की बैलिस्टिक प्रणालियाँ हैं जिनकी परिचालन सीमा 1,800-2,000 किलोमीटर बताई जाती है। ईरान ने पूर्व अभ्यासों में इन प्रणालियों का प्रदर्शन किया है और इन्हें संभावित शत्रु क्षेत्र में गहराई तक हमला करने के लिए डिजाइन किया गया है, जिससे वर्तमान संघर्ष में रणनीतिक दांव बढ़ गए हैं।

अमेरिका और इजराइल ने ईरान के भीतर लक्ष्यों पर बड़े पैमाने पर समन्वित हवाई और मिसाइल हमले किए, जिनमें देश भर में सैन्य अड्डे और वरिष्ठ नेतृत्व से जुड़े ठिकाने शामिल थे। ये कार्रवाई दोनों देशों के संयुक्त प्रयासों का हिस्सा हैं, जिनका उद्देश्य तेहरान की रणनीतिक क्षमताओं को कमजोर करना और उसके परमाणु महत्वाकांक्षाओं और क्षेत्र में सशस्त्र समूहों को समर्थन सहित लगातार बढ़ते खतरों का मुकाबला करना है। अमेरिका के अधिकारियों ने पुष्टि की कि ईरान के सर्वोच्च नेता, अयातुल्ला अली खामेनेई, हमलों में मारे गए। अमेरिकी बयानों के अनुसार, कई उच्च पदस्थ कमांडर और वरिष्ठ अधिकारी भी मारे गए। ईरान ने बाद में खामेनेई की मृत्यु को स्वीकार किया, जो उसके विरोधियों के साथ एक ऐतिहासिक और सीधा टकराव था।

इन हमलों के जवाब में ईरान ने इजराइली क्षेत्र और कतर, कुवैत और बहरीन सहित खाड़ी देशों में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर मिसाइलें और ड्रोन दागे। इन हमलों में सैन्य और नागरिक दोनों हताहत हुए हैं। हिंसा ईरान और इजराइल से बाहर भी फैल गई है। लेबनान में हिज्बुल्लाह जैसी सहयोगी मिलिशियाओं ने इजराइल पर रॉकेट दागे हैं, जिसके चलते इजराइल ने लेबनान में और सैन्य कार्रवाई की है।

संघर्ष बढ़ता दिख रहा है, जिससे एक व्यापक क्षेत्रीय युद्ध की आशंका बढ़ रही है।

## ताबड़तोड़ बमबारी में 31 की मौत

**लेबनान**

**लेबनान** के स्वास्थ्य मंत्रालय के हवाले से बताया कि दक्षिणी लेबनान और बेरूत के दक्षिणी दाहियेह जिले में इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) द्वारा रात भर किए गए हमलों में कम से कम 31 लोग मारे गए और 149 अन्य घायल हो गए। टाइम्स ऑफ इजराइल के अनुसार, ये इलाके हिज्बुल्लाह के गढ़ के रूप में जाने जाते हैं; हालांकि, मंत्रालय के आंकड़ों में मृतकों में नागरिकों और हिज्बुल्लाह सदस्यों के बीच अंतर नहीं किया गया है। आईडीएफ ने हमलों की पुष्टि करते हुए कहा कि ये हमले ईरान समर्थित समूह द्वारा उत्तरी इजराइल की ओर दागे गए रॉकेटों के जवाब में हिज्बुल्लाह के ठिकानों को निशाना बनाकर किए गए थे।

लेबनानी क्षेत्र से उत्तरी इजराइल में मिसाइल दागे जाने के बाद, बेरूत और लेबनान के अन्य हिस्सों में हिज्बुल्लाह के ठिकानों पर इजरायल के हवाई हमलों के बाद आज पश्चिम एशिया में बढ़ता संघर्ष और भी बढ़ गया।

इजरायली वायु सेना (आईएएफ) ने एक्स पर कई पोस्टों में बताया कि उसने इजरायल, विशेष रूप से देश के उत्तरी भाग की ओर दागे गए मिसाइल हमलों के जवाब में बेरूत क्षेत्र में हिजबुल्लाह के वरिष्ठ सदस्यों पर लक्षित हमले किए।

# यह ईराक नहीं, रिजीम चेंज का इरादा नहीं- अमेरिका

**ईरान**

**अमेरिकी** रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने ईरान पर बढ़ते हमले की तुलना मध्य पूर्व में अमेरिका द्वारा की गई पिछली कार्रवाइयों से करने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि वाशिंगटन इराक जैसी किसी दलदल में नहीं फंस रहा है, बल्कि तेहरान की सैन्य शक्ति और परमाणु महत्वाकांक्षाओं को कुचलने के लिए एक निर्णायक अभियान चला रहा है। अमेरिकी हमलों के बढ़ने और हताहतों की संख्या में वृद्धि के बीच उन्होंने कहा कि यह इराक नहीं है, यह अंतहीन युद्ध नहीं है। पेंटागन में ट्रम्प के रक्षा सचिव ने कहा कि यह अभियान ईरान की मिसाइलों, ड्रोन, नौसेना बलों और परमाणु कार्यक्रम को लक्षित करते हुए, तीव्र और व्यापक रूप से प्रभावी होने के लिए डिजाइन किया गया था, न कि कब्जे या राष्ट्र निर्माण के लिए।

उन्होंने कहा, "हम उन पर सटीक, व्यापक और निर्भीक ढंग से हमला कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि तेहरान की क्षमताएं असहनीय हो गई हैं ईरान के हठपूर्वक और स्पष्ट परमाणु प्रयास, वैश्विक समुद्री मार्गों को निशाना बनाना और बैलिस्टिक मिसाइलों और घातक ड्रोनों का बढ़ता जखीरा अब असहनीय जोखिम हैं। उन्होंने कहा कि ईरान ने पारंपरिक सैन्य शक्ति की आड़ में



अपनी परमाणु महत्वाकांक्षाओं को छिपाने की कोशिश की थी। ईरान शक्तिशाली मिसाइलें और ड्रोन बना रहा था ताकि वह अपनी परमाणु ब्लैकमेल की महत्वाकांक्षाओं के लिए एक पारंपरिक कवच तैयार कर सके।

ईरान ने झूठ बोलकर परमाणु बम बनाने की कोशिश करते हुए हमारे सिर पर पारंपरिक बंदूक तान रखी थी। पीट हेगसेथ ने एक बार फिर इस दावे को खारिज कर दिया कि युद्ध का उद्देश्य सत्ता परिवर्तन था। उन्होंने कहा, "यह तथाकथित सत्ता परिवर्तन का युद्ध नहीं था, लेकिन सत्ता परिवर्तन अवश्य हुआ, और दुनिया को इससे लाभ हुआ है। अमेरिकी रक्षा सचिव ने यह भी कहा कि ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान की कोई निश्चित समयसीमा नहीं है, और इस बात पर जोर दिया कि युद्ध कितने समय तक चलेगा, इसका निर्णय केवल राष्ट्रपति ट्रंप ही करेंगे। अभियानों की संभावित अवधि के बारे में पूछे जाने पर, हेगसेथ ने कोई समयसीमा बताने से इनकार कर दिया।

# ईरान ने नहीं इस मुस्लिम देश ने मार गिराए 3 एफ 15 जेट, अमेरिका ने खुद किया खुलासा

**अमेरिका**

**मिडिल** ईस्ट में जारी जबरदस्त तनाव के बीच एक ऐसी खबर, एक ऐसी वीडियो सामने आ गई जिसने पूरी दुनिया में हलचल मचा दी थी। ईरान की तरफ से इसे शेयर किया गया और दावा किया गया कि उसने अमेरिकी फाइटर जेट एफ 15 को मार गिराया। अब इस पर अमेरिका की तरफ से बयान सामने आया है। अमेरिका ने पूरी सच्चाई बताई है। अमेरिका ने एफ 15 को लेकर खुलासा किया है कि एक नहीं बल्कि तीन अमेरिकी



जेट गिराए गए। इसके साथ ही अमेरिकी राष्ट्रपति ने बताया कि कुवैत ने गलती से तीन अमेरिकी एफ-15ई स्ट्राइक ईगल विमानों को मार गिराया।

अपने बयान में अमेरिकी केंद्रीय कमान ने यह भी कहा कि इस घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच चल रही है और जल्द ही अतिरिक्त जानकारी जारी की जाएगी। इसने घटना को स्वीकार करने और ईरान के खिलाफ 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' के दौरान समर्थन देने के लिए कुवैती सेना को धन्यवाद भी दिया। सेंटकॉम ने बयान में कहा कि सभी छह विमान चालक दल के सदस्य (प्रत्येक विमान में दो) सुरक्षित रूप से इजेक्ट हो गए, उन्हें सुरक्षित बचा लिया गया है ।

# ओमान के पोर्ट सुल्तान कबूस के पास ऑयल टैंकर पर हमला, एक भारतीय की मौत

**ईरान**

**ईरान** के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई की हत्या के बाद तेज हुए सैन्य अभियान के तहत, संयुक्त राज्य अमेरिका और इजराइल ने रविवार को ईरान भर में व्यापक हमले किए, जिनमें देश के बैलिस्टिक मिसाइल ठिकानों को निशाना बनाया गया और युद्धपोतों को नष्ट कर दिया गया। विस्फोटों से पूरे देश में इमारतें हिल गईं और राजधानी तेहरान के ऊपर धुएं के गुबार उठते दिखाई दिए। ईरानी सरकारी मीडिया ने बताया कि हमलों की शुरूआत से अब तक खामेनेई और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों सहित 550 से अधिक लोग मारे गए हैं।

ईरानी सैन्य कमांडरों ने स्पष्ट कर दिया है कि वे अपने सर्वोच्च नेता की शहादत का बदला लेंगे। ईरान ने संयुक्त अरब अमीरात सहित खाड़ी देशों पर हमले तेज कर दिए हैं, जिससे क्षेत्रीय तनाव और बढ़ गया है। यह स्थिति अब पूरे मध्य पूर्व को एक बड़े युद्ध की ओर धकेल रही है। ईरान ने दुबई हवाई अड्डे, बुर्ज खलीफा और बहरीन और कुवैत में अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है। इस बीच, अमेरिकी सेना ने घोषणा की है कि उसने ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) के




मुख्यालय को नष्ट कर दिया है। इसी बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने युद्ध के बीच एक महत्वपूर्ण और चौंकाने वाला दावा किया है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन एपिक फ्यूरी के तहत ईरान के 48 शीर्ष नेताओं को 'एक ही गोली' में मार गिराया गया। ट्रम्प ने यह भी कहा कि ईरान के नौसेना के नौ जहाज नष्ट हो गए।

ईरान का नौसेना मुख्यालय भी काफी हद तक तबाह हो गया। कम से कम तीन अमेरिकी सैनिक कार्रवाई में मारे गए हैं और पांच गंभीर रूप से घायल हैं। छर्रे लगने से मामूली रूप से घायल हुए कई अन्य सैनिकों को ड्यूटी पर वापस भेजने की प्रक्रिया चल रही है।

हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण मराठवाड़ा के 61 लोग मध्य पूर्व में फंसे

एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि ईरान पर अमेरिका और इजरायल के संयुक्त हमले के बाद हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण महाराष्ट्र के मराठवाड़ा के कुल 61 लोग दुबई, बहरीन, कतर और अबू धाबी में फंसे हुए हैं। संभागीय आयुक्त कार्यालय के अधिकारी ने बताया कि इन 61 लोगों ने मराठवाड़ा के छत्रपति संभाजीनगर, जालना, परभणी, नांदेड़, हिंगोली, बीड और लातूर जिलों के प्रशासन को सूचित किया है। इनमें से कुछ पर्यटक हैं, कुछ काम के लिए खाड़ी देशों में गए हैं और अन्य के पास निवास वीजा है।

# ईरान पर हमले का बहाना बनाया गया?

**ईरान**

**ट्रंप** प्रशासन के अधिकारियों ने कांग्रेस के कर्मचारियों के साथ बंद कमरे में हुई ब्रीफिंग में स्वीकार किया कि ऐसी कोई खुफिया जानकारी नहीं थी जिससे यह संकेत मिलता हो कि ईरान ने अमेरिकी सेना पर पहले हमला करने की योजना बनाई थी।

अधिकारियों का कहना है कि संयुक्त राज्य अमेरिका और इजराइल ने शनिवार को ईरान पर दशकों में सबसे महत्वाकांक्षी हमले किए, जिसमें सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई मारे गए,



ईरानी युद्धपोत डूब गए और अब तक 1,000 से अधिक ठिकानों को निशाना बनाया गया। लेकिन रविवार को कांग्रेस के समक्ष दिए गए उनके बयान से प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा युद्ध के पक्ष में दिए गए प्रमुख तर्कों में से एक कमजोर पड़ गया।

उन्होंने एक दिन पहले पत्रकारों को बताया था कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने हमले शुरू करने का फैसला आंशिक रूप से इस संकेत के कारण किया था कि ईरानी मध्य पूर्व में अमेरिकी सेनाओं पर शायद पूर्वव्यापी हमला कर सकते हैं। एक अधिकारी ने कहा कि ट्रम्प चुपचाप बैठकर क्षेत्र में अमेरिकी सेनाओं को हमले झेलने की अनुमति नहीं देने वाले थे।

पेंटागन की ब्रीफिंग 90 मिनट से अधिक चली

व्हाइट हाउस के प्रवक्ता डायलन जॉनसन ने पहले बताया था कि पेंटागन के अधिकारियों ने सीनेट और प्रतिनिधि सभा दोनों में कई राष्ट्रीय सुरक्षा समितियों के डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन कर्मचारियों को ईरान में चल रहे अमेरिकी हमले के बारे में 90 मिनट से अधिक समय तक ब्रीफिंग दी। प्रशासन के अधिकारियों ने ब्रीफिंग में इस बात पर जोर दिया कि ईरान की बैलिस्टिक मिसाइलें और क्षेत्र में उसकी प्रॉक्सी सेनाएं अमेरिकी हितों के लिए तत्काल खतरा पैदा करती हैं, लेकिन तेहरान द्वारा अमेरिकी सेना पर पहले हमला करने की कोई खुफिया जानकारी नहीं थी। नाम न छापने की शर्त पर रॉयटर्स से बात करने वाले दो सूत्रों ने यह जानकारी दी। ट्रम्प ने कहा कि यह हमला, जो कई हफ्तों तक चलने की उम्मीद है, का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि ईरान परमाणु हथियार न बना सके, उसके मिसाइल कार्यक्रम को नियंत्रित किया जा सके और संयुक्त राज्य अमेरिका और उसके सहयोगियों के लिए खतरों को समाप्त किया जा सके।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा

# फ्रांस के नेवी बेस पर हमला, यूरोप को नहीं छोड़ेगा ईरान!

**फ्रांस**

**जब** आग पड़ोस में लगती है तो उसकी गर्मी दूर तक महसूस होती है। मदपुर में बढ़ते तनाव के बीच अब एक ऐसी घटना सामने आई है जिसने यूरोप की चिंता बढ़ा दी है। खबर है कि संयुक्त अरब अमीरात के अबू धाबी में स्थित फ्रांस के नेवी बेस पर ड्रोन हमला हुआ है और यह ड्रोन हमला किया है ईरान ने। अब दुनिया इसे इस रूप में देख रही है कि यह ईरान की ओर से यूरोप के हितों पर पहला बड़ा हमला है। अब यह हमला जिस सैन्य ठिकाने पर हुआ वो कोई साधारण बेस नहीं है। अबू धाबी में मौजूद फ्रांस का महत्वपूर्ण सैन्य अड्डा कैम डाले पैक्स है जिसे शांति शिविर के नाम से जाना जाता है।

यह बेस फ्रांस की नौसेना और सैन्य मौजूदगी का एक अहम केंद्र है। जहां से फ्रांस पूरे खाड़ी क्षेत्र में अपनी रणनीतिक निगरानी और सुरक्षा गतिविधियां चलाता है। फ्रांस के रक्षा मंत्री के मुताबिक एक ड्रोन स्ट्राइक ने इस फ्रेंच नेवल बेस के एक हैंगर को नुकसान पहुंचाया। वहीं यूएई के अधिकारियों ने बताया कि हमले के बाद बेस के एक गोदाम में आग लग गई थी। लेकिन राहत की बात यह है कि किसी भी सैनिक या कर्मचारी के हताहत होने की खबर नहीं है। यह घटना अबू धाबी के पोर्ट इलाके में हुई जहां यह फ्रांसीसी सैन्य अड्डा स्थित है।

सुरक्षा एजेंसियों ने तुरंत आग पर काबू पा



लिया और इलाके को सुरक्षित कर लिया। हालांकि नुकसान सीमित बताया जा रहा है, लेकिन इस हमले का राजनीतिक और रणनीतिक असर बहुत बड़ा हो सकता है। इस घटना को कई अंतरराष्ट्रीय एक्सपर्ट बेहद गंभीर मान रहे हैं। कारण साफ है यह मामला किसी मध्यपूर्व देश के बेस पर नहीं बल्कि यूरोप के एक सबसे बड़े सैन्य देश फ्रांस के बेस पर हुआ है। फ्रांस यूरोप की प्रमुख सैन्य शक्तियों में से एक है और उनकी सेना कई अंतरराष्ट्रीय मिशनों में सक्रिय रहती है। ऐसे में अगर खाड़ी क्षेत्र में फ्रांस के बेस को निशाना बनाया जाता है तो इसे यूरोपियन सुरक्षा के नजरिए से भी देखा जा रहा है। इस पूरे घटनाक्रम को लेकर चर्चा ये भी हो रही कि मध्य पूर्व में चल रहे तनाव का दायरा अब धीरे-धीरे बढ़ता जा रहा है।

मिसाइल इंटरसेप्टर रॉकेटों को चकमा देती हुई दिखाई दे रही

इस बीच, सोशल मीडिया पर एक सनसनीखेज वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें कथित तौर पर एक ईरानी मिसाइल 10 से अधिक इंटरसेप्टर रॉकेटों को चकमा देती हुई दिखाई दे रही है। फुटेज में, मिसाइल रात के आकाश में उड़ती हुई दिखाई दे रही है जबकि कई रक्षा रॉकेट इसे रोकने की कोशिश कर रहे हैं। बार-बार प्रयास करने के बावजूद, मिसाइल दिशा बदलकर अपने लक्ष्य की ओर बढ़ती हुई प्रतीत होती है।

वीडियो रिकॉर्ड करने वाले लोग सदमे में चिल्लाते हुए सुनाई दे रहे हैं। वीडियो का सटीक स्थान और समय अभी तक पुष्टि नहीं हुई है। कुछ उपयोगकताओं का दावा है कि इसे यरुशलम में फिल्माया गया था, लेकिन इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।